गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

# शुभम संदेश

* * * * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शुक्रवार, 26 जनवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 279 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## सीआरपीएफ पर एफआईआर मामले में राज्यपाल-झामुमो आमने-सामने

# सीआरपीएफ पर केस दर्ज करवाना गलतः राज्यपाल

**विशेष संवाददाता। रांची**

सीएम हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ की तैनाती और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का मामला तूल पकड़ चुका है. इस मामले में गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं झामुमो में बयानबाजी हुई है. राज्यपाल ने आर्यभट्ट सभागार में कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में बड़ा बयान दे डाला.

उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के खिलाफ केस दर्ज करवाने का एक्शन गलत है. उन्होंने कहा कि सीएम हाउस के पास झामुमो कार्यकर्ता हंगामा क्यों कर रहे थे. वहां सीआरपीएफ को आने



की जरूरत की ही क्यों पड़ी.

**सीआरपीएफ आईजी समेत कई जवानों पर हुई है एफआईआर :** मालूम हो कि सीआरपीएफ के आईजी, कमांडेंट व 500 जवानों पर रांची के गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी. सदर सीओ मुंशी राम की शिकायत पर यह प्राथमिकी दर्ज की

- सीएम हाउस के पास जेएमएम के कार्यकर्ता हंगामा क्यों कर रहे थे और वहां सीआरपीएफ को आने की जरूरत की ही क्यों पड़ी

गयी है. 20 जनवरी को ईडी की सीएम आवास में पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी मामले में केस दर्ज कराया गया है. इसमें कहा गया है कि सीआरपीएफ के जवान सीएम के कांके रोड स्थित आवास की ओर जाने का प्रयास करने लगे थे. मशक्कत के बाद स्थिति संभाली गयी. बता दें कि ईडी ने 20 जनवरी को सीएम हेमंत सोरेन से सात घंटे से अधिक की पूछताछ की थी.

# केंद्रीय बलों की मांग कब होती है ये राज्यपाल को पता होगा : सुप्रियो

**विशेष संवाददाता। रांची**

झामुमो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज करायी है. पार्टी महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल ने 20 जनवरी को राज्य सरकार की तरफ से सीआरपीएफ पर केस दर्ज करने की कार्रवाई को गलत बताया, इसे सरकार की गलती कहा है. उन्होंने झामुमो के विषय में भी अपनी टिप्पणी की.

सुप्रियो ने राज्यपाल को यह याद दिलाते हुए कहा कि 20 जनवरी को ईडी के द्वारा जब सीएम का बयान दर्ज करने के क्रम में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सुरक्षा कवच में ईडी के



अधिकारी सीएम आवास 1 बजे बजे पहुंचे. उनके द्वारा बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई तत्पश्चात अचानक दोपहर 3 बजे 8 बसों में सीआरपीएफ के 500 सशस्त्र जवान, एक कमांडेंट व आईजी के नेतृत्व में सीएम आवास की ओर आए तथा अपने कब्जे में लेने की कोशिश की.

**जिला प्रशासन ने मांग नहीं की तो कैसे आ गयी सीआरपीएफ**

भट्टाचार्य ने कहा कि कार्यपालिका में यह स्पष्ट है कि किसी भी राज्य में प्राकृतिक आपदाएं आपातकालीन परिस्थितियों में कानून व्यवस्था के बिगड़ने पर पर स्थानीय जिला प्रशासन भारत सरकार सरकार से अर्द्धसैनिक बलों की मांग करता है. क्या राज्यपाल महोदय को यह नहीं पता कि रांची जिला दंडाधिकारी ने ऐसी किसी तरह की मांग न तो भारत के गृह मंत्रालय से की थी न ही अर्द्धसैनिक बलों को बुलाया था.

## सीएम ने ईडी के पत्र का भेजा जवाब, कहा

# 31 तक मेरे पास समय नहीं, आने में असमर्थ

**सौरभ सिंह। रांची**

ईडी द्वारा भेजे गये पत्र का सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को जवाब दिया है. सीएम हेमंत ने ईडी को भेजे पत्र में कहा हैं कि 31 जनवरी तक उनके पास समय नहीं है. साथ ही पत्र में आगे कहा गया है कि समय न होने के कारण ईडी दफ्तर नहीं आ पाएंगे. सीएमओ का कर्मी पत्र लेकर ईडी ऑफिस पहुंचा. और उसने ईडी के अधिकारियों को पत्र रिसीव करा दिया है.

बता दें कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने सीएम हेमंत को फिर से 22 जनवरी को समन भेज कर 27 से 31 जनवरी के बीच उपस्थित होने को कहा है. गौरतलब है कि बीते 20 जनवरी को ईडी ने मुख्यमंत्री से उनके आवास पर जाकर सात घंटे तक पूछताछ की थी. ईडी अधिकारियों ने सीएम आवास में अलग कमरे में उनसे पूछताछ की थी.



सीएमओ का कर्मचारी पत्र लेकर पहुंचा ईडी के जोनल ऑफिस.

इस दौरान राजधानी सहित दिल्ली से आयी ईडी की टीम पूछताछ का हिस्सा रही थी. ईडी के अधिकारी कई दस्तावेज और फाइल के साथ ही साथ सीएम हेमंत सोरेन से पूछे जाने वाले सवालों की लिस्ट लेकर पंहुचे थे. ईडी ने पहले से ही करीब 300 सवालों की लिस्ट बना रखी थी. सीएम से पूछताछ के बाद ही ईडी ने संकेत दिए थे कि एक बार और पूछताछ की जा सकती है.

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 23.2 | 12.4 |
| जमशेदपुर | 24.6 | 12.2 |
| डालटनगंज | 24.8 | 6.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### छुट्टी की सूचना

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दैनिक शुभम संदेश और लगातार.इन का कार्यालय शुक्रवार 26 जनवरी को बंद रहेगा. अतः अखबार का अगला अंक रविवार 28 जनवरी को आएगा. शुभम संदेश के सभी पाठकों, शुभेच्छुओं और विज्ञापनदाताओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं. **-संपादक**

# एक तीर से साधे कई निशाने

## कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना, बिहार को लेकर दिल्ली में राजनीतिक हलचल

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

बिहार की राजनीति नये रंग में दिखा रही है. घटनाक्रम इतनी तेजी से बदल रहे कि अनुमान लगाना मुश्किल है कि आनेवाले दिनों में बिहार की राजनीति किस रंग में दिखेगी. महागठबंधन में उठा तूफान थमता भी नहीं कि किसी सुनामी का अंदेशा होने लगता है. पटना से लेकर दिल्ली तक हलचल तेज हो गयी है.

सियासत में हलचल जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्मशताब्दी समारोह में सीएम नीतीश कुमार के राजनीति में परिवारवाद पर किये हमले को लेकर है. अपने संबोधन में नीतीश कुमार ने एक ही तीर से कई निशाने साधे. कुछ लोग इसे सीधे तौर यह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर हमले के रूप में देख रहे हैं. नीतीश ने अपने संबोधन में कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर राजनीति में परिवारवाद के सख्त खिलाफ थे. इससे नीतीश यह कहने में भी कामयाब रहे कि लालू के परिवारवाद के वे खिलाफ हैं, दूसरी तरफ उन्होंने यह भी संकेत दे दिया कि वे परिवारवाद से अलग रह कर कर्पूरी के पदचिह्नों पर चल रहे हैं. राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि यह नीतीश के दवाब की राजनीति है. वह पहले भी ऐसी बातें कर लालू पर दवाब बनाते रहे हैं.

### फिर पाला बदलेंगे नीतीश कुमार!



कयासों का बाजार गर्म है कि नीतीश कुमार फिर पाला बदल सकते हैं. इन कयासों पर मुहर लगती तब दिखी जब बुधवार को कैबिनेट की बैठक मात्र 15 मिनट ही चली. नीतीश की यह तल्खी लालू की पुत्री रोहणी द्वारा 'एक्स' पर की गयी तीन पोस्ट को लेकर है. रोहिणी ने इशारों में नीतीश पर तंज कसा था. हालांकि, बाद में रोहणी ने पोस्ट हटा लिया. जदयू के नेता नीतीश के सरकारी आवास पर पहुंचे और काफी देर तक मंत्रणा चली.

# तौ मोंहि बरजउ भय बिसराई

**बैजनाथ मिश्र**

**प्रसंगवश**

प्रभु श्रीराम अपने बाल रूप में अवधपुरी में विराजमान हो गये हैं. वे लोकनायक हैं, लोकतंत्र के अधिष्ठाता.



लोकतंत्र यानी ऐसा तंत्र, जो लोक का हो, लोक के द्वारा हो और लोक के लिए हो. आज 26 जनवरी है. हमारा अपना गणतंत्र दिवस. ऐसे में गणतंत्र या लोकतंत्र पर राम के बहाने एक विमर्श अपेक्षित हो जाता है. क्या लोकतंत्र की अवधारणा 75 वर्षों में व्यावहारिक रूप से फलीभूत हुई ? आम धारणा यह है कि हमारा गण या लोक न केवल तंत्र के अधीन हो गया है, बल्कि तंत्र का संत्रास झेलने को अभिशप्त भी है. हमारा तंत्र लोक से मन भर लेना तो चाहता है, लेकिन छटाक भर देना नहीं चाहता है. हमारा तंत्र हमें सहमति-असहमति की रस्मअदायगी का हक जरूर देता है.

लेकिन असहमति का रंग जरा सा भी गाढ़ा होने पर उसका दिमाग झल्ला जाता है और फिर असहमति जतानेवाले को किसी पाले या खाने में डाल कर उसकी प्रताड़ना की सतत प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है. यदि इस स्थिति को रामराज्य की कसौटी पर कसें तो हमारा गणतंत्र खोखला नजर आता है. तुलसीदास ने मानस के उत्तरकांड में रामराज्य की विषेषताएं बतायी हैं.

-शेष पेज 10 पर






गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शुक्रवार, 26 जनवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 279 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

**टाटा ने किया त्रिपक्षीय समझौता**

## 3 साल में टाटा के सभी कर्मी हो जाएंगे नियमित

संवाददाता। जमशेदपुर

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन, टाटा मोटर्स प्रबंधन एवं श्रम विभाग के बीच गुरुवार को एक समझौता हुआ है. इस समझौते में प्रबंधन की ओर से वीपी विशाल बादशाह, प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी, एचआर हेड मोहन गंट ई आर हेड सौमिक राय, लीगल हेड श्रीवर्धन, झारखंड सरकार की ओर से श्रमायुक्त एवं उपश्रमायुक्त, यूनियन की ओर से अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, सलाहकार प्रवीण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, संयुक्त महामंत्री अजय भगत शामिल हुए. समझौता हुआ है कि हर वर्ष 900 अस्थाई कर्मियों को स्थाई किया जाएगा. हर तिमाही में 225 स्थाई किए जाएंगे. 3 साल में सभी अस्थाई को स्थाई कर दिया जाएगा.

समझौते के मुताबिक स्थाई होने वाले कर्मी का स्थानांतरण नहीं होगा. यूनियन की सहमति के बिना वार्ड रजिस्ट्रेशन पूर्व की भांति चालू रहेगा. नए नियोजन के लिए एम्प्लाई वार्ड को अप्रेंटिस के माध्यम से प्रवेश मिलेगा. अप्रेंटिस के उपरांत कम्पनी के खर्चे पर डिप्लोमा कराया जाएगा.



**खास बातें**

- हर साल 900 कर्मियों की नौकरी होगी पक्की
- स्थाई होने वाले कर्मी का तबादला भी नहीं होगा

डिप्लोमा के बाद नियोजन किया जाएगा. यदि कर्मचारी का पुत्र या पुत्री आगे पढ़ना चाहते हों, तो बी टेक और एम टेक तक की पढ़ाई कंपनी की ओर से की कराई जाएगी. सलाहकार प्रवीण सिंह ने कहा कि टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन लगातार यह प्रयास में रहती है कि मजदूर हित के कार्यों को किया जाए. आज 2700 मजदूरों का स्थायीकरण किया गया है. यह ऐतिहासिक है.

**अरूप चटर्जी के नेतृत्व में डीवीसी में प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों पर लाठीचार्ज**

## एक दर्जन से अधिक घायल

संवाददाता। मैथन

मैथन डैम के दुकानदारों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में गुरुवार को सुबह डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष घेराव व प्रदर्शन किया गया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों एवं सीआईएसएफ जवानों के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हो गयी. इस दौरान पत्थरबाजी हुई और इसके बाद सीआईएसएफ जवानों ने अचानक लाठीचार्ज कर दिया. लाठीचार्ज होने से भगदड़ मच गई, अफरातफरी का महौल उत्पन्न हो गया. लाठीचार्ज में एक दर्जन से अधिक मासस कार्यकर्ता एवं दुकानदार घायल हो गए. घायलों का इलाज डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल में चल रहा है. इतना ही नहीं लाठीचार्ज के दौरान ड्यूटी जा रहे डीवीसी कर्मी भी चपेट में आ गए. घटना की सूचना मिलते ही मैथन ओपी प्रभारी रजनीश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को सामान्य बनाने में जुट गए. खबर पाकर एग्यारकुंड प्रखंड के बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार भी मौके पहुंचे. घटना के बाद मासस समर्थक काफी आक्रोशित नजर आए. पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन तानाशाही पर उतर आया है. सीआईएसएफ द्वारा लाठीचार्ज करा कर हमें डराना चाहता है, लेकिन उसे मालूम होना चाहिए कि लाल झंडे वाले लोग डरने वाले नहीं हैं. कहा कि पिछले एक माह से डीवीसी प्रबंधन को दुकानदारों की समस्या का समाधान करने के लिए कहा गया है. लेकिन प्रबंधन ने उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया और जानबूझ कर प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज कराया गया है.



अरूप चटर्जी व आंदोलनकारियों के साथ बैठक करते डीवीसी के डीजीएम एवं सीआईएसएफ के डीआईजी.

### 31 मार्च तक दुकानदारों को न हटाने पर बनी सहमति

इस बीच, लाठीचार्ज के बाद डीवीसी प्रबंधन ने डीजीएम अनूप पुरकायस्थ के नेतृत्व में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी एवं आंदोलनकारियों के साथ बैठक की. बैठक में सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला भी शामिल थे. डीवीसी प्रबंधन ने लाठीचार्ज पर दुख व्यक्त किया. बैठक में सहमति बनी कि 31 मार्च तक प्रबंधन दुकानदारों को नहीं हटाएगा. इस दौरान प्रबंधन पूर्व विधायक चटर्जी के साथ बैठक कर समस्या का समाधान निकाल लेगा. बैठक के बाद अरूप चटर्जी ने लाठीचार्ज को गलत ठहराया और कहा कि हम दुकानदारों के साथ हैं. इन्हें किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं देंगे. ये सभी दुकानदार स्थानीय हैं. डीवीसी के डीजीएम अनूप पुरकायस्थ ने कहा कि दुकानदारों को उजाड़ा नहीं जा रहा है, बल्कि दूसरे स्थान पर शिफ्टिंग की जानी है. मैथन डैम की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इसी को ध्यान में रखते हुए दुकानों को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा.

## खैनी खाने से मना करने पर बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी से मार डाला

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के पांडरपाला मोती मैदान इलाके में गुरुवार को दिल दहलाने वाली घटना घटी. एक बेटे ने अपने पिता को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया कि पिता उसे खैनी खाने से रोकते थे. रोक-टोक पर भड़के बेटे जफर ने पिता मो. मुजफ्फर के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया. जिससे उनकी मौत हो गई. खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर थाने ले गई.

वारदात के बारे में बताया जा रहा है कि पांडरपाला निवासी मो. मुजफ्फर बड़ा बेटा जफर बेरोजगार है. उसका मुहल्ले के युवकों के साथ उठना-बैठना था. पिता को खबर मिली कि वो खैनी खाता है. इस पर पिता बुधवार की रात जफर डांट- फटकार लगाई थी. गुरुवार की सुबह पिता दरवाजे पर बैठे थे, तभी जफर पीछे से आया और कुल्हाड़ी से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह अचेत होकर गिर पड़े. इसके बाद जफर चुपचाप वहां से खिसक गया.लेकिन मां ने वारदात को देख लिया था, उसने शोर मचाया. शोर सुन वहां मुहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई. थोड़ी देर में जफर भी कुल्हाड़ी छिपा कर लौट आया. खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो बेटा खुद को बेकसूर बताने लगा. कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कुबूल कर लिया.

**पांडरपाला की घटना : आरोपी बेटा गिरफ्तार, कुल्हाड़ी बरामद**



**नाली में फेंक दी थी कुल्हाड़ी :** पिता की हत्या के बाद जफर ने कुल्हाड़ी घर से थोड़ी दूरी पर नाली में फेंक दी. पुलिस के आने के बाद उसने कुल्हाड़ी के बारे में नहीं बताया. कहने लगा कि कुल्हाड़ी बरामद करा देगा तो पुलिस उसे जेल भेज देगी. बाद में उससे कहा गया कि कुल्हाड़ी मिलने पर पुलिस उसे छोड़ देगी. तब उसने कुल्हाड़ी को नाली से बरामद करा दिया.

**हत्या का मुकदमा दर्ज : डीएसपी :** डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया कि आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है. पुलिस मामले में चार्जशीट दायर कर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में कड़ी सजा दिलवाने का काम करेगी.

## बच्चे के भरण-पोषण के लिए पिता को देना होगा खर्च

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

- हाईकोर्ट ने कहा– पत्नी यदि वर्किंग हो, तब भी बच्चों को पालना पिता की जिम्मेदारी

हाइकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि भले ही पत्नी नौकरी करती हो और पैसा कमाती हो. फिर भी पिता अपने बच्चे के भरण-पोषण के लिए जवाबदेह है. रांची के एक पति-पत्नी का तलाक का मामला फैमिली कोर्ट में चल रहा था, जिसमें कोर्ट ने यह आदेश दिया था कि पति अपने दो बच्चों को प्रति महीने 5-5 हजार गुजारा भत्ता देगा. इस आदेश के खिलाफ पति रघुवर सिंह ने हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल की. याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान पति की ओर से अदालत में यह तर्क दिया गया कि फैमिली कोर्ट ने बच्चों के लिए जो गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है, जो सही नहीं है. क्योंकि उसकी पत्नी निभा सिंह नौकरी करती है और पैसा कमाती है. वहीं पत्नी की ओर से बहस करते हुए उनके अधिवक्ता ने यह कहा कि जब से उसने अपने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करायी है, तब से वह बच्चों के भरण-पोषण में लापरवाही कर रहा है.

## राज्य में शीतलहरी

**रांची।** झारखंड में ठंड से अभी राहत मिलती नहीं दिख रही है. पिछले 24 घंटे में राज्य के उत्तरी व दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया, जबकि उत्तर-पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं कोल्ड डे की स्थिति बनी. वहीं राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई.

## राज्यपाल रांची व सीएम दुमका में तिरंगा फहराएंगे

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रध्वज फहराएंगे. वहीं सीएम हेमंत सोरेन उप राजधानी दुमका में झंडोत्तोलन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे. सीएम गुरुवार को ही दुमका पहुंच गये, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. वहीं रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. झंडोत्तोलन के बाद सेना और अर्धसैनिक बल के जवान परेड करेंगे. सरकार के कई विभागों की ओर से झाकियां भी निकाली जाएंगी.








तीन पालियों में 28 जनवरी व 4 फरवरी को होगी परीक्षा, , 23496 अभ्यर्थी लेंगे भाग, डीसी-एसपी ने दिए जरूरी निर्देश

# झारखंड सीजीएल : 29 परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में होगी परीक्षा

संवाददाता। रामगढ़

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत जिले में आयोजित होने वाली परीक्षा के सफल आयोजन हेतु गुरुवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई. इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने संयुक्त रूप से परीक्षा कार्य में लगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट सह ऑब्जर्वर, गस्ती दंडकारियों, फ्लाइंग स्क्वॉड के साथ प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षकों को ब्रीफ किया.



रामगढ़ जिले के कुल 29 परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में 28 जनवरी व 4 फरवरी को परीक्षाएं आयोजित होंगी. इनमें कुल 23496 अभ्यर्थी भाग लेंगे. डीसी व एसपी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को परीक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा जारी संयुक्त जिला आदेश को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी तरह की दुविधा को परीक्षा के पूर्व दूर कर लेने का निर्देश दिया. डीसी ने पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ परीक्षा कार्य पूर्ण कराने को कहा.

**दिए निर्देश**

- परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक
- पारदर्शिता के साथ परीक्षा कार्य पूर्ण कराने का निर्देश

बैठक में एसपी ने परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था संधारित करने, किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति के दौरान उठाए जाने वाले कदमों आदि की जानकारी दी. अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मियों की कई दुविधाओं को दूर किया.

## उपायुक्त ने दिया कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश

**कोडरमा।** 28 जनवरी एवं 4 फरवरी 2024 को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन होना है. इसके लिए जिले में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण, कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गश्ती दंडाधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक की. सभी परीक्षा केंद्र के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र पर्यवेक्षक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट व पुलिस बल, फ्लाइंग स्क्वॉड एवं गस्ती दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. केन्द्रों पर सीसीटीवी एवं जैमर का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया गया. परीक्षार्थियों को मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वाच, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा. वहीं, परीक्षा केंद्रों पर बायोमैट्रिक जांच भी की जाएगी.

## चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी से एएनएम पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता। जयनगर

प्रखंड के उप स्वास्थ केंद्र सतडीहा में बुधवार को पुलिस ने शराब बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था. इस संबंध में उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के द्वारा गलत कार्यों में संलग्न रहने के चलते एएनएम पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर माले नेता मुन्ना यादव ने चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ. सुरेश कुमार राम को एक लिखित पत्र दिया है. आवेदन में उन्होंने बताया कि बुधवार को उत्पाद विभाग के द्वारा शाम 4 बजे उप स्वास्थ्य केंद्र में छापेमारी कर काफी मात्रा में शराब बरामद कर बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था. स्वास्थ्य केंद्र में शराब बरामद होना कानून की धज्जियां उड़ाने जैसा है, जो खेद का विषय है. इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए. पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त, मुख्य सचिव झारखंड सरकार तथा मुख्यमंत्री को भी प्रेषित की गई है.




**गंभीर मामला**

- एसएचसी सतडीहा में शराब बरामदगी का है मामला
- माले नेता ने डीसी, सीएस व सीमए को भी लिखा पत्र

### सदर अस्पताल कोडरमा

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **स्किन :** डॉ. समीक्षा माथुर
- **आई :** डॉ. सुनील कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. रविकांत कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार राज
- **पेडीएट्रिक :** डॉ. मणिकांत कुमार
- **डेंटल :** डॉ. नीलमणि कुमार
- **गायनी :** डॉ. वर्षा कुमारी
- **ऑर्थो :** डॉ. धनंजय कुमार
- **अल्ट्रासाउंड :** डॉ. कुमारी सीमा
- **इएनटी :** डॉ. मनोज कुमार

### कोडरमा का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 11 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 22 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** आसमान साफ रहेगा
- **हवा की रफ्तार :** 6 किमी प्रति घंटे

### ब्रीफ खबरें

#### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर दिलाई शपथ

**जयनगर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में महिला एवं बाल विकास परियोजना के तत्वाधान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान आंगनबाड़ी कर्मियों ने शपथ के दौरान कहा कि बेटियां किसी मायने में बेटों से कम नहीं है. हम सभी को अपने समाज में लिंग भेद प्रचलन को पूरी तरह से खत्म करना होगा. समाज में यह सुनिश्चित हो की लड़कियां जन्म ले, उन्हें प्यार व शिक्षा मिले और देश का सशक्त नागरिक बन सके. वहीं उन्होंने महिलाओं एवं पुरुषों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश का प्रचार-प्रसार करने का भी आह्वान किया.

#### गणतंत्र दिवस पर आज झांकियों का भव्य प्रदर्शन

**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर में भव्य रूप से झांकियों का प्रदर्शन होगा. उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर सिदो कान्हू स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत झांकियों का प्रदर्शन चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ में संपन्न होगा. बता दें कि गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह के तहत सिदो-कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा. वहीं, उपायुक्त कार्यालय में पूर्वाह्न 10:30 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पूर्वाह्न 10:35 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में पूर्वाह्न 10:40 बजे, अनुमंडल कार्यालय में पूर्वाह्न 10:55 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे एवं पुलिस लाइन रामगढ़ में पूर्वाह्न 11:15 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा.

#### महिला की गुमशुदगी का थाने में दिया आवेदन

**रामगढ़।** मसमोहना निवासी राज बेदिया ने अपनी मां की गुमशुदगी का आवेदन बरकाकाना ओपी में दिया है. उसने बताया है कि उसकी 47 वर्षीय मां झालो देवी को घर पर छोड़ कर हम सभी लोग विगत 21 जनवरी को किसी विशेष आयोजन में अपनी बुआ के घर अरमादाग गए थे.आयोजन के उपरांत हम सभी अपने घर मसमोहना लौटे, तो मां घर मे नही मिली. सभी रिश्तदारों व अन्य जगहों पर खोजबीन की, लेकिन मां का कहीं भी पता नहीं चल पाया. राज बेदिया ने पुलिस से अपनी लापता मां की खोजबीन कर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है.

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपायुक्त ने नये मतदाताओं को दिलाई शपथ, कहा

# मताधिकार का सही प्रयोग करें

संवाददाता। कोडरमा

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को समाहरणालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस क्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, नाम सुधार करने से संबंधित कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों के बीएलओ को सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में मताधिकार का प्रयोग किया गया और इसे लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया. लोकतांत्रिक देश में 18 वर्ष की उम्र के प्रत्येक नागरिक को मताधिकार के समान प्रयोग का अधिकार मिलता है. उपायुक्त ने यह भी कहा कि अगर निर्वाचन में अपने मताधिकार का सही प्रयोग करेंगे, तो देश प्रगति के उच्चतम पायदान पर पहुंचेगा. उन्होंने विशेष कर नये मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने के लिए बधाई दी.

इस दौरान उपायुक्त ने नये मतदाताओं, पदाधिकारी और कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई. लोगों को अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई. उन्होंने सभी से अपील की कि प्रतिज्ञा




**राष्ट्रीय कार्यक्रम**

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित
- नये मतदाताओं को सूची में शामिल होने पर दी बधाई

### एसडीओ के नेतृत्व में बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में जेजे कॉलेज से लेकर समाहरणालय तक प्रभात फेरी निकाली गई. इसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया. इस दौरान बच्चों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' का नारा लगाते हुए आमजनों से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की.

### कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में 77 नये मतदान केंद्र

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता की. उन्होंने बताया कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान 14629 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है. साथ ही 12910 मतदाताओं की मतदाता सूची से संबंधित त्रुटियों को सुधारा गया है. 154 दिव्यांग मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ा गया है और 4 सर्विस वोटर को भी जोड़ा गया है. उपायुक्त ने यह भी बताया कि कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 77 नये मतदान केंद्र और बनाए गये हैं, अब कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 352 से बढ़ कर 429 हो गई है.

### डीसी ने की राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उपायुक्त ने सभी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी और कहा कि अगर कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने से छूटा है, तो उन सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़वायें. उन्होंने कहा कि आप अपने स्तर से बीएलए की प्रतिनियुक्ति करें, ताकि छूटे हुए मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके. मौके पर एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की मौजूद थे.

## मतदाता दिवस पर प्रखंड कर्मियों ने ली शपथ

**जयनगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड व अंचल कर्मियों ने मतदान करने की शपथ ली. इस संबंध में बताया गया कि भारतीय गणतंत्र की स्थापना के बाद चुनाव आयोग का गठन किया गया, जिसके दिशा-निर्देश पर भारत में सभी तरह के मतदान और मतगणना कार्य संपन्न किए जाते हैं. आगे बताया गया कि देश के हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक अच्छे, स्वच्छ और चरित्रवान प्रतिनिधि का चयन करें. मौके पर प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार, प्रधान सहायक तानेश्वर राम, राकेश राय, लिपिक संदीप कुमार, दीपक कुमार , संतोष कुमार, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, कौशल किशोर सिंह , चंदन कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सुनीता कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी, कंचन देवी, पूनम देवी एवं अन्य उपस्थित रहे.



## तेतरोन उप मुखिया ने दो युवकों पर लगाया मानहानि का आरोप

संवाददाता। जयनगर

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेतरोन निवासी उपमुखिया सलीम अंसारी ने थाना में लिखित आवेदन देकर अपने ही पंचायत के कुछ लोगों पर मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा का हनन करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा है कि मेरे पास पंचायत के बहुत सारे मामले आते रहते हैं. इसी क्रम में ग्राम नावाडीह निवासी रंजीत यादव एवं रवि कुमार यादव का जमीन विवाद का मामला आया.

इसके बाद उन्होंने सामाजिक रूप से इस विवाद को हल करने की कोशिश की. इसी को लेकर रवि कुमार और विनोद कुमार दोनों भाइयों ने व्हाट्स ऐप ग्रुप बजरंग दल पंचायत तेतरोन और न्यू झारखंड कोडरमा में उनके खिलाफ काफी गलत टिप्पणी की. उप मुखिया ने यह भी कहा है कि मुस्लिम होने के नाते मुझे टारगेट कर मेरे मान सम्मान को ठेस पहुंचाया गया है और उन्हें दलाल और फ्रॉड तक कहा गया है, जिससे वह काफी आहत हैं. उन्होंने जानलेवा हमला की आशंका भी जताई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.




**होगी जांच**

- जयनगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग
- व्हाट्स ऐप ग्रुप में अभद्र टिप्पनी करने का आरोप

## जंगल में पेड़ से लटका मिला 4 दिनों से लापता युवक का शव

संवाददाता। झुमरी तिलैया

तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा बस्ती से चार दिनों से लापता युवक का शव झरनाकुंड के पास हरैयाटांड़ ललकीमट्टी जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला. मृतक की पहचान रवींद्र प्रसाद यादव पुत्र के पुत्र चंदन कुमार (35) के रूप में हुई है.

परिजनों ने दो दिन पहले तिलैया थाना में आवेदन देकर चंदन की खोजबीन की पुलिस से गुहार लगाई थी. पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी. इस बीच गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने एक युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ देखा.

इसके बाद तिलैया पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया. बताया जा रहा है कि चंदन ऑनलाइन गेम में 40 हजार रुपए हार गया था, जिससे वह परेशान था. पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनो बिंदुओं पर जांच में जुटी है.

**खास बातें**

- झरनाकुंड के पास हरैयाटांड़ ललकीमट्टी जंगल में मिला शव
- परिजनों ने तिलैया थाना में दो दिन पहले दिया था आवेदन

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों की दी गई जानकारी

## आंगनबाड़ी में हुए कई कार्यक्रम

संवाददाता। रामगढ़

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गुरुवार को जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस कड़ी में जागरूकता शपथ, रंगोली, पौधरोपण सहित अन्य कार्यक्रम हुए. इस दौरान बच्चों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गई.

वहीं बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं को सरकार द्वारा बच्चियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. साथ ही योजना का लाभ लेने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के बारे में बताया गया. वहीं बच्चियों के पोषण सहित पोषण की कमी से होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं खान-पान में सुधार लाकर उनके उपचार की भी जानकारी दी गई.



सेक्रेड हार्ट में गणतंत्र दिवस के पूर्व विविध कार्यक्रम

## बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा

संवाददाता। कोडरमा

सेक्रेड हार्ट स्कूल में गणतंत्र दिवस के पूर्व विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस मौके पर बच्चों के बीच देश भक्ति गीत, डॉयलॉग, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम हुए. बच्चों ने अपनी विविध प्रस्तुतियों से सतरंगी छटा बिखेर दी. बच्चों में दिव्यांक श्रेष्ठ, आदरिजा विश्वास, प्रत्यूषा शर्मा, नव्या वर्मा, सोनी कुमारी, पूनम कुमारी, नेहा कुमारी, साक्षी कुमारी, सुमित कुमार, ऋषि मोदी, श्रवण कुमार, श्रीयम, नैतिक, सौम्या सिन्हा, आरोही कुमारी, सृष्टि कुमारी, बुशरा आरिफ, तृषा कश्यप, रुद्र कुमार, दिव्याशु, रश्मी रंजन और सुष्मिता रंजन की प्रस्तुति की काफी सराहा गया.

इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के मायने बताए. उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था. आयोजन को सफल बनाने में सीमा जैन, कामिनी सहाय, रंजीता कुमारी, दीक्षा सिंह, प्रियंका सिंह, सपना शर्मा, लता सिन्हा, पूजा सलूजा, सुपर्णा डे, सरोज पांडेय, स्वीटी सिन्हा, रूबी कुमारी, कुणाल किशोर, शशि कुमार, स्वाति, रेणु सेठ और प्रियंका गुप्ता का योगदान रहा.



### भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर मैदान का निरीक्षण

**रामगढ़।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में रामगढ़ से गुजरेगी. इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, गो रक्षा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोर नाथ शाहदेव, विनय सिंह दीपू, प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता शांतनुमिश्रा, रियाज अहमद, जवाहर बल मंच के प्रदेश संयोजक तारीख अनवर, राजकुमार यादव, रामगढ़ शहर के फुटबॉल मैदान, जिला मैदान और मां छिन्नमस्तिका मंदिर का दौरा किया.

**करें मतदान**

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने निकाली जागरूकता रैली

## लोकतंत्र में मतदाताओं की बड़ी भूमिका : डॉ. मृदुला

संवाददाता। कोडरमा

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. ग्रामीणों को निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया.

इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रतिभाग करना है. वहीं प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने ग्रामीणों एवं प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद में मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है. हमें शत प्रतिशत मतदान करने हेतु सभी को प्रेरित करना चाहिए. राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने मतदान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया. साथ ही मतदाता कार्ड में अपना नाम दर्ज करवाने पर जोर दिया.

कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 23-25 के प्रशिक्षु रिंकी कुमारी, रीता कुमारी, शिफा नूरी, अंजली कुमारी, अंगुरी खातून, नूतन कुमारी, प्रिया कुमारी, रेणु कुमारी, श्रेया कुमारी, पुष्पा कुमारी, आरती कुमारी, सीमा जोजो, सुनिल कुमार वर्मा, बैजनाथ महतो, नीतेश कुमार सेठ, निरंजन कुमार, पुजा कुमारी, मो. सम्मीउल्ला,राहुल कुमार, दिलीप साव, सदाकत अंसारी एवं अन्य मौजूद रहे.




**खास बातें**

- ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति किया प्रेरित
- मतदाता कार्ड में अपना नाम दर्ज करवाने पर दिया जोर

## ग्रिजली विद्यालय में शैक्षणिक पदों के लिए साक्षात्कार 11 को

संवाददाता। कोडरमा

ग्रिजली विद्यालय के द्वारा शैक्षणिक पदों के लिए आगामी 11 फरवरी को बचपन प्ले स्कूल परिसर में साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है. इस संदर्भ में जानकारी देते हुए ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने बताया कि जो भी इच्छुक व योग्य व्यक्ति ग्रिजली विद्यालय एवं बचपन प्ले स्कूल में शिक्षक के रोजगार को पाना चाहते है, वैसे उम्मीदवारों के लिए यह साक्षात्कार आयोजित किया गया है.

विद्यालय द्वारा पीजीटी, टीजीटी, पीआरटी, टाइपिस्ट, आर्ट एंड क्राफ्ट व नर्सरी शिक्षक के रिक्त पदों के लिए बचपन प्ले स्कूल में सुबह 10:30 बजे से यह साक्षात्कार आयोजित किया गया है. साक्षात्कार के दिन उम्मीदवारों के सुगम आगमन एवं प्रस्थान के लिए बस की सुविधा भी दी जा रही है. इसके लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्लॉक रोड झुमरी तिलैया से सुबह 10 बजे व 11 बजे तथा सुभाष चौक, झुमरी तिलैया से 10:15 बजे व 11:15 बजे बचपन स्कूल के लिए बस प्रस्थान करेगी. उम्मीदवारों के लिए आवेदन फार्म ग्रिजली विद्यालय के वेबसाइट तथा उजाला कॉम्प्लेक्स, झुमरी तिलैया स्थित प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है. साक्षात्कार के दिन उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म, मूल दस्तावेज, शैक्षिक दस्तावेजों की फोटोकॉपी, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लेकर आना है.

## रिम्स ओपीडी

सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन:** डॉ. संजय कुमार सिंह
- **ऑर्थोपेडिक :** डॉ. जीके गुप्ता
- **कार्डियोलॉजी :** डॉ. पीजी सरकार
- **टीबी एवं चेस्ट :** डॉ. ब्रजेश मिश्रा
- **नेत्र :** डॉ. सुनील कुमार
- **ऑब्स गायनी :** डॉ. किरण त्रिवेदी
- **इएनटी :** डॉ. आरके चौधरी
- **सीटीवीएस :** डॉ. विनीत महाजन
- **नेफ्रोलॉजी :** डॉ. प्रज्ञा घोष पंत
- **सायकेट्री :** डॉ. अजय बाखला
- **न्यूरोलॉजी :** डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. रुपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन :** डॉ. हिमांशु कुमार
- **मनोचिकित्सा :** डॉ. रूपा
- **शिशु रोग :** डॉ. विशाल कुमार
- **इएनटी :** डॉ. पीके सिंह
- **डेंटल :** डॉ. धनंजय राठौड़

**ट्रामा सेंटर : सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. सुमेघा
- **मेडिसिन :** डॉ. रेफॉर्ड

**अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. मयंक
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

**रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक**

- **ऑर्थो विभाग :** डॉ. सत्यम
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 9 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 21 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** आसमान साफ रहेगा
- **हवा की रफ्तार :** 7 किमी प्रति घंटे

## ब्रीफ खबरें

### शॉर्ट सर्किट से किराना गोदाम में लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवाला रोड से सटे शास्त्री नगर में स्थित किराना गोदाम में गुरुवार की सुबहसातबजे को शॉट सर्किट से आग लग गई. अगलगी की घटना में किराना के कई तरह के सामान जलकर नष्ट हो गए. इस घटना में भुक्तभोगी गोदाम प्रदीप अग्रवाल को करीब 5 लाख का नुकसान हुआ है. घटना के बाद दमकल की तीन गाड़ियां आग बुझाने में लगी थी. जानकारी के अनुसार सुबह में आसपास के लोगों ने गोदाम से धुंआ निकलता देखकर मकान और गोदाम मालिक को सूचना दी. सूचना मिलने के बाद टीओपी वन के प्रभारी सुधीर दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के किया गया जागरूक

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरूवार को छः मुहान चौक व रेडमा चौक पर वाहन जांच सह जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चलानेवाले चालकों व ट्रिपल लोड सवार लोगों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया. इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई. एवं जो व्यक्ति हेलमेट पहने हुए थे उन्हें गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया. 15 जनवरी से 14 फ़रवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है. सड़क सुरक्षा सेल के सदस्य यातायात के नियम के विरुद्ध वाहन चलाने वाले लोगों को यातायात नियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दे रहे हैं.

### ट्रक व हाइवा चालकों ने केरेडारी पुलिस पर लगाए आरोप, कहा- हर वाहन से वसूले जाते 100 रुपये

# पुलिस अवैध वसूली करने में व्यस्त, अपराधी बेलगाम

**संवाददाता। केरेडारी**



**गंभीर आरोप**

- नाम नहीं छापने की शर्त पर ट्रक चालक ने किया खुलासा
- अपराधियों पर लगाम लगाने में पुलिस का रवैया उदासीन

थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों द्वारा खाली वाहनों (ट्रक/हाईवा) से वसूली करने का आरोप है. एक ट्रक चालक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जब भी खाली गाड़ी लेकर हमलोग टंडवा आम्रपाली लौटते हैं, केरेडारी पुलिस 100 रुपये की वसूली करती है. ट्रक चालक सोचता है कि रोड में पुलिस नहीं मिले, ताकि मालिक का 100 रुपया बचाया जा सके.

इस कारण लौटते वक्त चालक तेज गति से चलते हैं और लापरवाही से दुर्घटना घट जाती है. गौरतबल हो कि एक माह पूर्व केरेडारी में ट्रक दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई थी. ट्रकों से वसूली मामले से अलग कई मामले हैं, जिसमें पुलिस उदासीन बनी हुई है. 2 जनवरी को जोको गांव में एक किशोरी का शव कुएं से बरामद हुआ था. मामला कथित प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ था, पर पुलिस अभी तक इसकी गुत्थी नहीं सुलझा पाई है. वहीं 14 जनवरी की अलसुबह गरिकला निवासी रामेश्वर महतो का ट्रैक्टर मुख्य मार्ग से अपराधी हथियार के बल पर लूट कर ले गए, जबकि केरेडारी थाना पास में ही है. 16 जनवरी की रात एनटीपीसी की केरेडारी माइंस में टीएसपीसी संगठन से जुड़े उग्रवादियों ने ताबड़तोड़ गोलबारी की. इस मामले में भी अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

**जानकारी के बाद भी पोस्ते की खेती पर कार्रवाई नहीं**

बता दें कि केरेडारी में एनटीपीसी व बीजीआर के अधिकारी शाम होने के पहले ही डर के कारण इस क्षेत्र को छोड़ देते हैं. पुलिस की जानकारी में है कि सलगा व मनातू पंचायत के जंगलों में पोस्ते की खेती की गई है, लेकिन उसे नष्ट करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है. विभागीय आदेश है कि क्षेत्र में अगर पोस्ते की खेती हुई, तो संबंधित थानेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. इसके बावजूद केरेडारी पुलिस की विफलता लगातार देखने को मिल रही है.

### सेना, रिजर्व बल व पुलिस बल के दस्ते परेड में करेंगे कदमताल

# कर्जन ग्राउंड में पूर्वाह्न 9:05 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी आयुक्त

**संवाददाता। हजारीबाग**



गणतंत्र दिवस की तैयारी पूरी हो चुकी है. हजारीबाग स्टेडियम कर्जन ग्राउंड में शुक्रवार को मुख्य कार्यक्रम होगा. प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा सुबह 9.05 बजे यहां झंडोत्तोलन करेंगी. सेना, रिजर्व बल व पुलिस बल की मार्चिंग टुकड़ियों द्वारा फुल ड्रेस परेड किया जाएगा. बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस, महिला विंग, एनसीसी तथा होम गार्ड के दस्ते अपनी यूनिफॉर्म और हथियारों के साथ परेड में भाग लेंगे.

बीएसएसफ बैंड की राष्ट्रीय धुन पर सभी जवान कदमताल करते नजर आएंगे. झंडोत्तोलन कार्यक्रम के बाद विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी. विभिन्न शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थानों व कलाकारों के अलावा भारतीय स्काउट एंड गाइड के बच्चों द्वारा देशभक्तिपूर्ण व रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे. वहीं, विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा. झांकियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभाग को प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे. गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 7 बजे स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो हजारीबाग स्टेडियम पहुंच कर संपन्न होगी.

**गणतंत्र दिवस**

- सुबह 7 बजे स्कूली छात्र-छात्राएं निकालेंगे प्रभात फेरी
- विभिन्न विभागों की ओर से झांकियों का होगा प्रदर्शन

मुख्य समारोह को लेकर झंडोत्तोलन स्थल पर रंग रोगन और साफ-सफाई कार्य पूरा कर लिया गया है. इस मौके पर डीआईजी सुनील भास्कर, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह समेत अन्य कई अधिकारी उपस्थित रहेंगे. दूसरी ओर वेल्स ग्राउंड स्टेडियम, हजारीबाग में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक जिला प्रशासन हजारीबाग बनाम प्रेस एकादश के बीच फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन होगा. वहीं, शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक नगर भवन हजारीबाग में देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे.

**कहां कितने बजे होगा झंडोत्तोलन**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त आवास में पूर्वाह्न 8 बजे झंडोत्तोलन होगा. 8 :15 में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि की जाएगी. 8 :30 बजे पुलिस लाइन शहीद स्मारक में झंडोत्तोलन किया जाएगा. वहीं उतरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा झंडा फहराएंगी. उपायुक्त नैंसी सहाय उपायुक्त कार्यालय में 10 :15 बजे झंडोत्तोलन करेंगी. वहीं पुलिस लाइन में में 10 :30 बजे, रेड क्रॉस सोसाइटी में 10 :40 बजे, होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर सिंदूर में 10 :50 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा. सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार कृषि उत्पादन बाजार समिति में पूर्वाह्न 8 :25 बजे झंडोत्तोलन करेंगे. विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में पूर्वाह्न 11 :15 बजे कुलपति सह आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा झंडोत्तोलन करेंगी. डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में 9 :30 बजे, गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 11 :05 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा.

### पलामू आईजी ने दिलाई मताधिकार प्रयोग की शपथ

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को आईजी पलामू प्रक्षेत्र के सभागार में मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा ने सभी पदाधिकारियों एवं पुलिस जवनों को वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम से अवगत कराते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई. उन्होंने हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई. मौके पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक राहुल देव बड़ाईक आदि मौजूद थे.

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**लातेहार।** 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप ने कहा 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था. इसी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य देश के नागरिकों को निर्वाचनों में भागीदारी हेतु जागरूक करना एवं लोकतंत्र को सशक्त बनाना है. उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण सभी लोगों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं सभी मतदाताओं से चुनाव में वोट देने की अपील किया.

## प्रॉपर्टी बाजार

**लोकेशन- चौपारण कॉलेज के निकट**

- **स्थल :** ताजपुर, चौपारण
- **जमीन की कीमत :** डेढ़ से दो लाख रुपए प्रति डिसमिल
- **बस स्टैंड से दूरी :** दो किलोमीटर
- **रेलवे स्टेशन से दूरी :** 20 किलोमीटर
- **आवागमन का साधन :** कार, ऑटो, बाइक आदि
- **आसपास के स्कूल :** सरकारी स्कूल, राज मेमोरियल पब्लिक स्कूल, चौपारण कॉलेज
- **पास का बाजार :** चौपारण डेली मार्केट

## हेल्थ अलर्ट

**अस्पताल का नाम- जीवन क्लीनिक, चौपारण बस स्टैंड के निकट (हजारीबाग)**

- **कुल बेड :** 3
- **आईसीयू :** नहीं
- **एंबुलेंस :** नहीं
- **साफ-सफाई :** बेहतर
- **पार्किंग सुविधा :** हां
- **चिकित्सक :** डॉ. जे. हक
- **विशेषज्ञ :** हड्डी रोग विशेषज्ञ
- **सुविधाएं :** ओटी, एक्स-रे, मेडिकल एवं अन्य सुविधाएं

## घूमें-फिरें

**स्थल का नाम : हर हर महादेव धाम मंदिर, बरकट्ठा**

- **शहर से कितनी दूर :** बरकट्ठा से पांच किमी दूर
- **शहर में कहां है :** चेचकप्पी पंचायत के लारहो में
- **कैसे पहुंचेंगे :** बाइक, कार, बस या ऑटो से
- **पहुंचने का रूट क्या है :** बरकट्ठा चौक मिडिल स्कूल से दक्षिण
- **क्या-क्या है खास :** भव्य शिवलिंग आकृति का मंदिर, मनारेम प्राकृतिक छटा, पहाड़ियों और जंगलों से घिरा क्षेत्र. यहां पूजा-पाठ और पिकनिक के लिए भी लोग जुटते हैं.



## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : होटल सिंहलोक**

- **किस स्थान पर :** कमलवार चौपारण, हजारीबाग
- **नाश्ते में क्या :** कचौड़ी, जिलेबी, सब्जी, मीठा
- **दिन का भोजन में क्या :** वेज थाली, चावल, दाल, शाही पनीर, चिकेन व मटन आइटम
- **रात के भोजन में क्या :** तंदूरी रोटी, तड़का, मिक्स वेज, पनीर, वेज स्पेशल थाली, चिकेन, मटन
- **खास क्या है :** मटन हांडी
- **वेज या नॉनवेज :** दोनों
- **चाइनीज आइटम :** नहीं
- **पार्सल की व्यवस्था है :** हां
- **होम डिलिवरी देते हैं :** नहीं
- संचालक **मिट्ठू सिंह** कहते हैं कि होटल में साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था है. ग्राहकों को पसंदीदा वातावरण में स्वच्छ पेयजल, नाश्ता एवं भोजन कराना उनकी पहली प्राथमिकता है.

# विकसित भारत बनाने में युवाओं की भागीदारी अहम : डॉ मेहता



**संवाददाता। नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू**

2047 का विकसित भारत बनाने का परिकल्पना में युवाओं की भागीदारी अहम होगी. उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कही. डॉ मेहता नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्य फार्म हाउस में गुरुवार को नमो नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान पांकी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में नये मतदाता शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो के कुंदन सिंह ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत विधायक ने भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर एवं दीप प्रज्वलित से हुई. मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नमो नवमतदाता सम्मेलन का संबोधन को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया.

# डीसी-एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**संवाददाता। लातेहार**



गणंतत्र दिवस पर जिला स्टेडियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को फुल ड्रेस परेड पूर्वाभ्यास किया गया. इस परेड का डीसी हिमांशु मोहन और एसपी अंजनी अंजन ने निरीक्षण किया. परेड के पूर्वाभ्यास में कुल 9 टुकड़ियों ने भाग लिया.

इनमें सीआरपीएफ की 11वीं व 214वीं की संयुक्त टीम, जिला पुलिस बल की पुरूष व महिला सशस्त्र टीम, सहायक पुलिस की महिला टीम, आईआरबी की पुरूष व महिला टीम, एनसीसी और जवाहर नवोदय विद्यालय की बालक व बालिका टीमों ने भाग लिया. डीसी ने परेड निरीक्षण के दौरान कई दिशा निर्देश दिए.

**बेहतर तालमेल बनाकर परेड करने का निर्देश :** परेड के बाद झंडोतोलन का भी पूर्वाभ्यास किया गया. मौके पर स्वाति मिश्रा के सानिध्य में बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया. पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी टुकड़ियां बेहतर कर रही है, लेकिन इसमें अभी सुधार की जरूरत है. उन्होंने बेहतर तालमेल बनाकर परेड करने का निर्देश संबंधित परेड कमांडरों को दिया.

उपायुक्त ने कहा कि टुकड़ियां अच्छा कर रही हैं. उन्होंने स्टेडियम में अतिथियों के बैठने, पेयजल, अग्निशन वाहन आदि की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया.

मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, नजारत उप समाहर्ता संजीत कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना व पुलिस प्रशिक्षण मो मुज्जफर आलम समेत कई अधिकारी मौजूद रहे.

### सांसद प्रतिनिधि के साथ लूटपाट और मारपीट

**लातेहार।** गारू-लातेहार मार्ग के सरयु घाटी मे बुधवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने जम कर लूटपाट की है. यहां तक कि यात्रियों क साथ मारपीट भी की. घटना के शिकार जिला सांसद प्रतिनिधि विनित मधुकर हुए. सड़क लुटेरों ने उनके साथ मारपीट भी किया ओर उनके एक सोने का चैन व उनके एक परिचित से चार हजार रुपये लूट लिये. मधुकर ने बताया कि लूटे गये सोने की चैन की कीमत तकरीबन 20 हजार रुपये थी. मधुकर ने बताया कि बुधवार की देर रात सरयु घाटी मे छह-सात की संख्या मे अज्ञात अपराधी टेंपू को बीच सड़क पर मार्ग अवरूद्ध कर लूट-पाट कर रहे थे. वे अपने एक परिचित के साथ अपने बोलेरो वाहन से महुआडांड से लातेहार आ रहे थे. मार्ग अवरूद्ध होने के कारण उन्होंने अपने वाहन को रोक दिया. वाहन रोकने के बाद एक लुटेरों ने उनसे कहा कि वे उनका ही इंतजार कर रहे थे. इसके बाद लुटेरों ने उनके वाहन पर लाठियों से वार किया और उनके साथ मारपीट की.

### नए वोटर का देश के विकास में अहम योगदान : सांसद

**मेदिनीनगर।** साहित्य समाज चौक स्थित संस्कृत विद्यालय परिसर में गुरूवार को नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया. पलामू भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे व संचालन जिला महामंत्री श्वेतांग गर्ग ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नए वोटरों का स्वागत किया. पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने नए वोटर्स को भाग्यशाली बताया. भाजपा से जुड़े नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को छात्रों के बीच रखा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नव मतदाताओं को वर्तमान समय और परिपेक्षय में भाग्यशाली बताया.

**विकास की सौगात** झारखंड सरकार ने गढ़वावासियों को दिया बेहतरीन तोहफा : मिथिलेश

# 20 करोड़ की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण

**संवाददाता। गढ़वा**



झारखंड सरकार ने गढ़वा को नये साल एवं गणतंत्र दिवस का बेहतरीन तोहफा दिया है. गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से पांच नये सड़कों का निर्माण किया जाएगा. झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है. इनमें गढ़वा प्रखंड में दो, रंका, मेराल एवं रमकंडा में एक-एक सड़क निर्माण शामिल है.

जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड में गढ़वा-मझिआंव आरईओ रोड से यज्ञशाला होते हुए नामधारी कॉलेज तक चार करोड़ 99 लाख 22 हजार 300 रुपये की लागत से 5.59 किमी, रामजीत डीलर के घर से पुराना स्टैंड पीडब्लूडी रोड तक एक करोड़ 80 लाख 70 हजार 400 रुपये की लागत से 1.51 किमी, मेराल प्रखंड में गढ़वा-मझिआंव राजमार्ग खोलरा से बीरबंधा सीमा तक चार करोड़ 68 लाख 4300 रुपये की लागत से 4.26 किमी, रंका प्रखंड में एनएच 343 सिंगारकला से उंचरी होते हुए सेवाडीह मुख्य पथ तक चार करोड़ 22 लाख 40 हजार 100 रुपये की लागत से 5.6 किमी तथा रमकंडा प्रखंड के उदयपुर में सीधाटांड़ मोड़ से ललेहा तक एक करोड़ 83 लाख 43 हजार 400 रुपये की लागत से 1.75 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा. मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि आजादी के बाद आज तक इन सड़कां का निर्माण कार्य हुआ नहीं है. अब तक ये सभी सड़कें कच्ची सड़कें ही हैं. क्षेत्र के लोगों के लिए सड़कें काफी महत्वपूर्ण हैं. इन क्षेत्रों के लोगां की लंबे समय से इसके निर्माण की मांग थी. मंत्री ने कहा कि उनके प्रयास से मुख्यमंत्री ने इन सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर गढ़वा वासियों को नये साल एवं गणतंत्र दिवस का बेहतर तोहफा दिया है. वहीं जिले के विकास में किसी तरह का कोई काम नहीं बचेगा. शहर को एक नया मुकाम देंगे. आने वाले समय में गढ़वा की पहचान एक विकसित राज्य के रूप में होगी. गढ़वा विकास के पथ पर चल चुका है.रंका प्रखंड में एनएच 343 सिंगारकला से उंचरी होते हुए सेवाडीह मुख्य पथ तक चार करोड़ 22 लाख 40 हजार 100 रुपये की लागत से 5.6 किमी तथा रमकंडा प्रखंड के उदयपुर में सीधाटांड़ मोड़ से ललेहा तक एक करोड़ 83 लाख 43 हजार 400 रुपये की लागत से 1.75 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा.मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि आजादी के बाद आज तक इन सड़कां का निर्माण कार्य हुआ नहीं है. अब तक ये सभी सड़कें कच्ची सड़कें ही हैं. क्षेत्र के लोगों के लिए सड़कें काफी महत्वपूर्ण हैं.

# खरवार-भोगता की महारैली 22 को

**संवाददाता। सिमडेगा**



खरवार भोगता समाज विकास संघ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय कमेटी के अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता की अध्यक्षता में गुरुवार को सिमडेगा जिला परिषद डाक बंगला में बैठक हुई. जिसमें 17 व 18 फरवरी को प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन सह आभार रैली के प्रस्तावित कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए 22 फरवरी को निर्धारित किया गया. घासी प्रधान को सर्वसम्मति से प्रमंडलीय कमेटी का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया. सामाजिक सम्मेलन के लिए सिमडेगा के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम का चयन किया गया. केन्द्रीय महासचिव जगन्नाथ भोगता की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, लोकसभा प्रभारी डा.रविन्द्र कुमार राय एवं केन्द्रीय चुनाव समिति के पदाधिकारियों से संपर्क करने का निर्णय लिया गया. सामाजिक सम्मेलन व आभार महारैली को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया और ग्राम प्रमुख चयन करने, गांव से लोगों को लाने ले जाने की जिम्मेवारी ग्राम प्रमुख को देने आदि पर सहमति बनी. पारंपरिक वाद्य यंत्र व वेश भूषा में समाज के लोगों को सम्मेलन सह महारैली में भाग लेने की अपील की गई. अर्थ संग्रह पर चर्चा की गई. मंच व सभा स्थल, भोजन, स्वागत तोरण द्वार आदि व्यवस्था के लिए कार्यों का विभाजन किया गया. बैठक में दिनेश प्रधान, बसंत प्रधान, जगन्नाथ प्रधान, भरत प्रधान, जितु प्रधान, कृष्णा प्रधान, कैलाश प्रधान, धीरज प्रधान, सुकर भोगतस, घासी प्रधान, बलराम कुमार प्रधान सुदर्शन भोगता आदि शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांगता जांच शिविर

**गावां (गिरिडीह)**। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ. फजल अहमद व प्रवीण कुमार के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए दिव्यांग जनों की जांच की गई. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चन्द्रमोहन कुमार, डॉ काजिम खान, सौरभ कुमार, रंजन कुमार, रविन्द्र कुमार, मनीष कुमार समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

### मतदाता जागरुकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता

**गावां ( गिरिडीह)** । गावां प्लस टू हाई स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तीतूलाल मंडल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम, बीपीओ गंगाधर पांडेय, प्रधानाचार्य सुजीत कुमार राय उपस्थित थे. कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता बनाई.

### दर्जनों जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**महुदा** । टाटा डीएवी स्कूल सिजुआ के अन्नपूर्णा क्लब द्वारा गुरुवार को कुमारडीह बस्ती के जैन मन्दिर में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. इस दौरान दर्जनों वृद्ध वृद्धाओं को कंबल प्रदान किया गया. क्लब इंचार्ज बबलू कुमार यादव ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम किया जा रहा है.आगे भी जरूरतमंदों के बीच पोशाक व कम्बल का वितरण किया जायेगा. मौके पर सहायक शिक्षक भी.पी राय,विजय सैनी, सुशील कुमार राना, संजय कुमार माजी, उत्तम सराक, शुभम सराक, विनय सराक, सु कुमार, सुधीर सराक मौजूद थे.

### कोल डंप में लोडिंग के सवाल पर भिड़े दो गुट

**बाघमारा**। बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत बेनीडीह कोल डंप में गुरुवार को अपराह्न 12 बजे के आसपास लोकल सेल के तहत कोयला लोड करने के सवाल पर दो गुट आपस में भिड़ गए. इस दौरान दोनों गुटों में तीखी झड़प हुई. जबकि आपसी झड़प में लत्तम जुत्ता भी खूब चली. घटना की सूचना पाकर बाघमारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. परन्तु तबतक मामला शांत पड़ गया. पुलिस के जाने के उपरांत कोयला लोडिंग पूर्व की भांति चालू हो गया. घटना को लेकर एक पक्ष के लोगों ने यह आरोप लगाया है कि दूसरे गुट के लोग जबरन यहां अवैध तरीके से लोडिंग का कार्य करना चाहते हैं.

### मतदाता दिवस पर छात्रों ने ली मतदाता शपथ

**पीड़टांड़ ( गिरिडीह)** । अंतर्राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चरकी में मतदाता दिवस मनाया गया. इस अवसर पर बीडीओ मनोज कुमार मरांडी की उपस्थित में सभी छात्रों और शिक्षकों को मतदाता शपथ दिलाई गई . बीडीओ ने कहा कि जागरूक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र का गठन करता है . मतदान करना हम सभी का मौलिक अधिकार है . उन्होंने कहा कि युवाओं और भावी मतदाताओं का सशक्तीकरण अहम है . इसमें कोई मतदाता अपने मत के प्रयोग से अछूता नहीं रहना चाहिए.

केके पॉलिटेक्निक बेकर बांध शाखा में नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जहां मोदी का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया

# सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री के कार्यों से युवाओं को अवगत कराया

**संवाददाता । धनबाद**

मतदाता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला महानगर कमेटी ने गुरुवार को केके पॉलिटेक्निक बेकर बांध शाखा में नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया. युवाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया. जिसमें पीएम ने युवाओं को लोकतंत्र में वोट के महत्व के बारे बताया. सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि गरीब कल्याण, नारी उत्थान, किसान सम्मान से लेकर सशक्त युवा तथा समृद्ध भारत के लिए प्रधानमंत्री ने अभूतपूर्व कार्य किया है. आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूं और आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामना करता हूं.

**उज्जवल भविष्य सुनिश्चित होगा :** धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि युवाओं की शक्ति और सामर्थ्य से ही भारत का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित होगा, भारत विकसित राष्ट्र बनेगा. निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि आप सभी युवा उज्ज्वल भविष्य की आकांक्षाओं से परिपूर्ण हैं. विश्व की सबसे बड़ी युवाशक्ति के पास सक्षम, आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने की जिम्मेदारी है.जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने ऐतिहासिक लक्ष्यों की प्राप्ति की है.कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह तथा तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष जयंत चौधरी ने किया.कार्यक्रम में केके पॉलिटेक्निक के निदेशक रवि चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश राही आदि उपस्थित रहे.



धनबाद लोकसभा में एक अनार कई बीमार

# राज सिन्हा और गणेश मिश्र की संभावना क्षीण

**अमित सिन्हा । धनबाद**





लोकसभा चुनाव से ठीक पहले श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा ने भाजपा का वोट बैंक और बढ़ा दिया है. ऐसे में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ना सबसे सेफ गेम माना जा रहा है. जाहिर है भाजपा से टिकट पाने के लिए एक लोकसभा क्षेत्र से कई दावेदार सक्रिय हो गए हैं. अब जबकि लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है. ऐसे में धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले काफी सक्रिय हो गए हैं. वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभारी की घोषणा के बाद प्रभारी बने नेताओं की उम्मीद पर पानी फिर गया है. धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश मिश्र इस बार धनबाद लोकसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे थे . इनकी दावेदारी भी गंभीर दावेदार हैं.

राज सिन्हा को गिरिडीह और गणेश मिश्र को गोड्डा लोकसभा का प्रभारी बनाये जाने के बाद इनकी संभावना न के बराबर रह गई है. ऐसे में राजनीतिक गलियारों में अब अलग अलग नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं. बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर धनबाद से चुनाव लड़ने की लालसा रखने वालों में कई नाम ऐसे हैं जिन्होंने दिल्ली की दौड़ शुरू कर रखी है. झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, रागिनी सिंह ऐसे मुख्य नाम हैं जो इस बार धनबाद लोकसभा से टिकट की फिराक में लगे हैं. सभी के अपने अपने सोर्स और अपनी अपनी पहुंच है. उक्त सभी नामों से धनबाद लोकसभा की जनता भलीभांति परिचित हैं . वहीं राजनीतिक सूत्रों की मानें तो इस बार पार्टी धनबाद में चौकाने वाले नतीजे दे सकती है. कुछ ऐसे भी नाम दिल्ली को भा रहे हैं जिनसे धनबाद की जनता जरा अंजान है. ऐसे में काफी चौकाने वाला एक नया नाम है परिणीता एस कुमारी का . जो कि नमो एप की राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर है. इनके पति शैलेश कुमार सिंह एक आईएएस अधिकारी हैं और केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के सचिव पद पर विराजमान हैं. इस बार के चुनाव में परिणीता की दावेदारी काफी प्रबल मानी जा रही है. एक नाम ललिता सिंह का है जो तीन राज्यों में भाजपा की सक्रिय नेता हैं जाति से राजपूत भी हैं इनकी राजनितिक पृष्ठभूमि भी मजबूत है. वर्तमान सांसद पशुपतिनाथ सिंह भी किसी से कम नहीं है. उनका रिकॉर्ड भी काफी अच्छा है . लगातार तीन बार विधायक और फिर तीसरी बार सांसद है. क्षेत्र में भी इनकी सक्रियता काफी रहती है.

ऐसे में सिर्फ इनकी उम्र ही इनका टिकट काटने का कारण बन सकती है.

### भाजपा युवा मोर्चा का राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ नमो कार्यक्रम

**बेरमो**। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारतीय युवा मोर्चा गोमिया विधानसभा क्षेत्र के सौजन्य से गुरुवार को गोमिया इंटर कॉलेज परिसर में नमो मतदाता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी राजीव जायसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के केंद्रीय सदस्य देवनारायण प्रजापति, जिला बीस सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, जिप सदस्य सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, कसमार प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी राजीव जायसवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कई रोजगारपरक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका लाभ युवाओं को लेना चाहिए. कहा गया कि इसी प्रकार मोदी सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया जा रहा है और इसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है. आज मतदाता दिवस पर सभी मतदाताओं खासकर युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है. इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया जा रहा भाषण का ऑनलाइन प्रसारित किया गया.

## टीएसएफ ने 30 दिव्यांगों को बांटे कृत्रिम उपकरण

**संवाददाता । धनबाद**



टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने भगवान महावीर विकलांग कल्याण सहायता (बीएमवीकेएस) नई दिल्ली के सहयोग से सबल परियोजना के तहत 24 और 25 जनवरी को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया. यह कार्यक्रम धनबाद के बाघमारा ब्लॉक अंतर्गत मालकेरा समुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के पहले दिन 24 जनवरी को दिव्यांगों के बीच 50 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिसमें कृत्रिम अंग (हाथ और पैर), कैलीपर्स, एक्सिलरी बैसाखी (जोड़ी), कोहनी बैसाखी (जोड़ी), वयस्कों के लिए व्हीलचेयर, वयस्कों और बच्चों के लिए सीपी व्हीलचेयर ,ब्लाइंड स्टिक और सहयोगी जूते शामिल हैं. वहीं कार्यक्रम के समापन के दिन गुरुवार को 30 सहायक उपकरण वितरित किए गये.

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ (जामाडोबा ग्रुप), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील उपस्थित थे. उन्होंने उक्त कार्यक्रम के लिए टीएसएफ सबल टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की. साथ ही पीडब्ल्यूडी लाभार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि ये उपकरण उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने में मदद करेगा. वहीं इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में भेलाटांड़ फीडर अस्पताल के सीनियर रजिस्ट्रार अंकित प्रकाश, बिपिन सिंह चौधरी मैनेजर (सामुदायिक विकास) टीएसएफ सिजुआ, बिबेकानंद पात्रा मेडिकल ऑफिसर होम्योपैथ, टीएसएफ गिरीश महतो, समन्वय समिति सदस्य विनोद रजक, मुखिया मलकेरा दक्षिणी पंचायत अंजना देवी, मुखिया मलकेरा उत्तरी पंचायत रीता देवी, पंचायत समिति मालकेरा दक्षिणी और टीम सबल और भगवान महावीर विकलांग कल्याण के सदस्य शामिल थे.

### एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने किया व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

**निरसा**। एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने गुरुवार को व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया. इस केन्द्र पर युवाओं को हल्के मोटर वाहन, मोबाइल मरम्मत, खुदरा प्रबंधन,ड्राइविंग जैसे रोगजार परक प्रशिक्षण दिलाये जायेंगे ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें. बेलडांगा स्थित केन्द्र पर आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ रंजन ने कहा कि एमपीएल का उद्देश्य सदैव सामाजिक सरोकार एवं उत्थान रहा है. इसी कडी में आज इस प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया है ताकि अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त कर यहां के युवा आत्मनिर्भर बन सकें. उन्होंने कहा यह अच्छा अवसर है युवा इसका लाभ उठाएं. सिद्धांतिक पढाई के साथ ही प्रायौगिक शिक्षा समय की मांग है. युवाओं को कौशल और कुशल बनाने का प्रयास अनवरत जारी है. इसका असर है कि युवा नौकरी और स्वरोजगार के जरिए स्वावलंबी बन रहे हैं. सीएसआर हेड मृत्युंजय रे ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला. सामाजिक जागरूकता और स्वैच्छिक शिक्षा संगठन की सचिव डा. संपा बनर्जी ने किया. मौके पर एमपीएल अधिकारी रश्मि लकरा आदि उपस्थित थे. इधर एमपीएल की ओर से करमपुरा ग्रांउड में आयोजित दौड,शाँटपुट एवं लांग जंप प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.

## रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक

**संवाददाता । बेंगाबाद (गिरिडीह)**

राजकीय बुनियादी विद्यालय बेंगाबाद के परिसर में असामाजिक तत्वों के जमावड़े से तंग आकर गुरुवार को स्कूल प्रबंधन की तरफ से रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया. रैली के माध्यम से विद्यालय के आसपास के गांवों में भ्रमण कर स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं लगे, इसे लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया. बताया गया कि स्कूल अवधि समाप्त होने के बाद स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है. असामाजिक तत्व विद्यालय परिसर में बैठ कर शराब का सेवन करते हैं.

**कार्रवाई की मांग करेंगे**

इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय भूषण कुमार ने कहा कि लगातार विद्यालय परिसर में इस प्रकार की गतिविधि हो रही है . इसीलिए स्कूली बच्चों एवं परिजनों के साथ शिक्षकों ने रैली निकाली गई ताकि लोग इस प्रकार की गतिविधियों के प्रति जागरूक हों और स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं लगने दिया जाए . उन्होंने कहा कि अगर विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना बंद नहीं होगा तो वह विभाग को आवेदन दे कर कार्रवाई की मांग करेंगे .

### रोशन हत्या मामले में अनुज व रोहित दोषी करार

**धनबाद** । लोयाबाद कनकनी निवासी रोशन की हत्या के चर्चित मामले में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया. अदालत ने नामजद आरोपी लोयाबाद निवासी अनुज चौहान और रोहित चौहान को दोषी करार दिया है. जबकि मामले के तीन आरोपी सीताराम चौहान, सावित्री देवी व सरोज चौहान को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नीरज कुमार व एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने पैरवी की. प्राथमिकी लोयाबाद थाने में मृतक रोशन के भाई रत्नेश चौहान की शिकायत पर दो मई 2021 को दर्ज की गई थी.

रथ के माध्यम से फर्जी डॉक्टरों से सावधान रहने को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा

## सीएस ने जागरूकता रथ किया रवाना

**संवाददाता । धनबाद**



बेटियों को मत समझो भार जीवन का यह है आधार के स्लोगन के साथ गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय से जागरुकता रथ रवाना किया गया. सिविल सर्जन डॉ. सीबी प्रतापन ने रथ को हड़ी झंडी दिखाकर क्षेत्र के लिए रवाना किया. सिविल सर्जन ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को कई विषयों पर जागरुक करने का कार्य किया जाएगा. रथ के माध्यम से आयुष्मान योजना के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, नशा मुक्ति और नीम हकीम-खतरे जान यानी फर्जी डॉक्टरों से सावधान रहने पर जागरुक किया जाएगा. इसके साथ ही देर शाम एएनएम-जीएनएम ने धनबाद पीएचसी से कैंडल मार्च निकालकर सभी विषयों पर लोगों को जागरुक किया. कैंडल मार्च धनबाद पीएचसी से निकलकर रणधीर वर्मा चौक होते हुए सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचा.

**फर्जी डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई :** सिविल सर्जन डॉ. प्रतापन ने बताया कि जिला में फर्जी डॉक्टर जो मरीजों का इलाज करते हैं, उनपर कार्रवाई की जाएगी. लोग जागरुक रहें और वैसे चिकित्सकों की शिकायत करें. शिकायत मिलते ही उन फर्जी चिकित्सा करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी. वहीं उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रही है कि लोग नशा से दूरी बनाएं. नशा से दूरी बनाकर अपने जीवन को चुनें और सुखी रहें. इसके लेकर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं. जो लोग नशा छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए काउंसलिंग की भी व्यवस्था की जाती है. कुछ दवाओं के सेवन से नशा से मुक्ति मिल सकती है.

### डीसी सुबह 9 बजे रणधीर वर्मा स्टेडियम में करेंगे झंडोत्तोलन

**धनबाद**। धनबाद कोयलांचल में गणतंत्र दिवस समारोहों की तैयारी पूरी हो चुकी है. मुख्य समारोह रणधीर वर्मा स्टेडियम में होगा. यहां उपायुक्त वरुण रंजन सुबह 9 बजे झंडोत्तोलन करेंगे. इसके बाद 10:30 बजे वे समाहरणालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे. गणतंत्र दिवस को लेकर जिले के सभी सरकारी और निजी कार्यालयों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है.नवनिर्मित समाहरणालय भवन को तिरंगे रंग की रोशनी से सजाया गया है. इसके अलावा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों को भी लाइटों से आकार्षक ढंग से सजाया गया है.

## निरसा के आदिवासी बहुल गांवों में पानी पहुंचाने का सचिव ने दिया आश्वासन

**संवाददाता । निरसा**

कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर झा के नेतृत्व में निरसा के आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को गुरुवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा से उनके रांची के नेपाल हाउस स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. सुधांशु शेखर झा ने सचिव को निरसा के आदिवासी बहुल गांवों की समस्या बताई. पेयजल संकट के बारे में बताया. इस पर सचिव ने क्षेत्र के गांवों में पाइपलाइन के जरिए जलापूर्ति का आश्वासन दिया. सचिव से मुलाकात कराने में राज्य के मंत्री बादल पत्रलेख की अहम भूमिका रही.

**डाढ़ी -चुआं से पानी लाती हैं :** सुधाशुं शेखर झा के साथ गए प्रतिनिधिमंडल ने पेयजल सचिव को बताया कि कैसे गांव की महिलाएं रात्रि दो बजे से डाढ़ी-चुआं से पानी लाती हैं. ग्रामीणों की बातें सुनकर सचिव काफी भावुक हुए और उन्हें आश्वस्त किया कि निरसा की कालीपहाड़ी पूर्व पंचायत के पोड़ाडीह, टुनाघुटु, बरमुड़ी, मंगलमारा आदि आदिवासी बहुल गांवों मे हर हाल में पाइपलाइन से पानी पहुंचाया जायेगा.

### मंदिर में दानपेटी का ताला तोड़कर रुपयों की चोरी

**धनबाद** । धनबाद थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक रोड स्थित शिव मंदिर में चोरी की वारदात हुई. चोर दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे सारे रुपये ले गए. मंदिर में डेढ़ माह में चोरी की यह दूसरी वारदात है. इससे पहले चोरों ने मंदिर से त्रिशूल और नाग की चोरी कर ली थी. पुजारी विजय पांडेय ने बताया कि चोरों ने मेनगेट और दानपेटी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी सारी रकम ले गए. चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ने का प्रयास किया. पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है.

## धनबाद के 75 केंद्रों पर आयोजित होगी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा

**संवाददाता । धनबाद**

- परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

आगामी 28 जनवरी एवं 4 फरवरी 2024 को जिले के 75 केंद्र पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा होगी. यह तीन शिफ्ट में आयोजित की जाएगी. परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में उपायुक्त वरुण रंजन ने सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.उन्होंने कहा प्रथम शिफ्ट सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 तक तथा तीसरी शिफ्ट में दोपहर 3 से संध्या 5:00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी.परीक्षा को लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेंटर ऑब्जर्वर, तथा पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है. साथ ही 29 गश्ती दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तथा परीक्षा के दौरान 15 फ्लाइंग स्क्वाड सभी सेंटर पर लगातार भ्रमण करते रहेंगे.वहीं सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैमर, बायोमैट्रिक अटेंडेंस तथा परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों की फ्रीस्कींग सुनिश्चित करने के साथ पानी, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

साथ ही समय पर प्रश्न पत्र लेकर सेंटर पहुंचने एवं परीक्षा संपन्न होने के बाद आयोग के दिशा निर्देश अनुसार उसे सील बंद कर वापस पहुंचाने का निर्देश दिया.

**शपथ**

पीडीजे राम शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन

# जजों ने प्रजातांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन को सुदृढ़ करने की ली शपथ

**संवाददाता । धनबाद**



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और सिविल कोर्ट के कर्मचारियों ने प्रजातांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन को सुदृढ़ करने की शपथ ली. मौके पर न्यायाधीश शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 25 जनवरी 1950 को हुआ था. इसलिए आयोग ने साल 2011 में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था. उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से स्वस्थ्य लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की. साथ ही लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा.

**कार्यक्रम में ये लोग रहे उपस्थित**

शपथ कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन, अतिरिक्त फैमिली जज फैमिली कोर्ट एसएन मिश्रा, लेबर जज प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, स्वयंभू , रजनीकांत पाठक, सुजीत कुमार सिंह, प्रभाकर सिंह, राजकुमार मिश्रा, अखिलेश कुमार, नीरज कुमार विश्वकर्मा, संजय कुमार, कुलदीप मान, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश सिविल जज श्वेता कुमारी, शिवम चौरसिया, सफदर अली नायर, विशाल माजी, प्रतिमा उरांव, पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, अनुष्का जैन, सुमंत दीक्षित, दिव्या राघव, दिव्या अश्वनी, सत्यभामा, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय और महासचिव जितेंद्र कुमार मौजूद रहे. इनके अलावा डालसा के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सिविल कोर्ट कर्मचारी, सौरव सरकार, अरुण कुमार, संतोष कुमार, अनुराग पांडे, सिविल कोर्ट कर्मचारी संघ के संजय सिन्हा, रजनीश श्रीवास्तव, शमशेर आलम, महबूब आलम, विनय राणा, सुदीप कुमार, नाजिर अनिल कुमार , रणधीर कुमार, अतुल वर्मा, अमित किशोर, मो मोईन, संजय शर्मा, नायब नजीर नलिनीकांत मिश्रा, मुकेश शर्मा, अक्षय सिंह, परलीगल वॉलिंटियर हेमराज चौहान, राजेश कुमार, गीता कुमारी, राजेश सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे.

### सुदेश आज पहुंचेंगे राजगंज, कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक

**कतरास**। आजसू सुप्रीम सुदेश महतो शुक्रवार को राजगंज पहुंचगे . यहां बीजीएम गार्डेन हॉल राजगंज में आजसू पार्टी की आयोजित बैठक में सिरकत करेंगे . उक्त जानकारी धनबाद जिला के प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी ने दी. उन्होंने बताया कि बैठक में महाधिवेशन में लिए गए संकल्प, सांगठनिक संरचना पर विस्तृत चर्चा की जाएगी.बैठक में गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिला के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, तीनों जिला के नव-नियुक्त विधानसभा एवं प्रखंड प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष एवं सचिव, प्रखंड अध्यक्ष, महिला प्रखंड अध्यक्ष तथा सभी अनुषंगी इकाई के जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है.

## टिकाहार में घुसा हाथियों का झुंड, मिट्टी घर किया ध्वस्त

**संवाददाता । बेरमो**

गोमिया के टिकाहारा गांव में बीती रात हाथियों का एक झुंड घुस गया. रात के करीब दो बजे अचानक हाथी ने सीतालाल हांसदा के घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और घर पर रखे धान खा लिया. जब हाथी ने मिट्टी के घर को ध्वस्त किया, उस समय सीतालाल हांसदा घर पर सो रहा था. बूढ़ी मां भी साथ थी. मिट्टी का ढेर जब गिरा तो वे बाल बाल बच गए. झुंड में करीब 25 हाथी हैं. जंगल से सटे गांव में पहला घर सीतालाल का ही था. हाथी घुसते ही पहला घर को निशाना बनाया. गांव के दूसरे टोला में ग्रामीण रतजगा कर रहे थे. जैसे ही जानकारी मिली कि हाथियों का झुंड सीतालाल हांसदा के घर पहुंचा है उन लोगों ने दोनों को घर से बाहर निकाल कर बचाया. ग्रामीण राजेश चौड़े ने बताया कि एक दिन पहले हाथी दूसरे गांव से खदेड़ने के बाद गांव के एक किलोमीटर की दूरी स्थित जंगल में थे. इस बात की जानकारी गांव वालों को हो गई थी. इसलिए छोटन कुमार तुरी, गुरु लाल हंसदा, रामदास हंसदा, फूलचंद सोरेन और अन्य ग्रामीण रतजगा कर रहे थे. जैसे ही हाथियों के झुंड के पहुंचने की सूचना मिली,वे जान जोखिम में डालकर हाथियों को भगाया. उन्होंने बताया कि सितालाल हांसदा के घर को हाथी घेर रखा था. बड़ी मुश्किल से उसे बचाया गया. वन विभाग को इसकी सूचना दी गई है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** दिन चिड़चिड़ापन वाला होगा, पर कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी. माता का आशीर्वाद लें. अन्न का दान करें.

**वृषभ** पराक्रम में वृद्धि होगी. बेहतर होगा कहीं घूमने चले जाएं. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. भाई के सुख में वृद्धि होगी. मन्दिर में झाड़ू दान करें.

**मिथुन** विदेश में बसे लोगों को लाभ का मौका मिलेगा. खर्च अधिक होगा साथ धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. जुबान पर नियंत्रण अति आवश्यक है.

**कर्क** मानसिक और शारीरिक सुख में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

**सिंह** दिन की शुरुआत खर्च के साथ होगी. खर्च संभाल कर करना चाहिए. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. विदेशी मेहमान से लाभ होगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** भाग्य का साथ मिलेगा. घर में सजावट हो सकती है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती है. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. गणेश जी पर दूब और हल्दी अर्पण करें.

**तुला** किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. देवी मंन्दिर में इत्र दान करें.

**वृश्चिक** समय बहुत अनुकूल होगा. भाग्य साथ है, पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** किसी से बेकार का बहस हो सकता है. जिससे मन खिन्न होगा.समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. गुरु मंत्र का जाप करें, और केला का दान करें.

**मकर** जीवनसाथी के किसी बात हो को लेकर बहस हो सकती है. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान-पान पर ध्यान दें. काली वस्तु का दान करें.

**कुंभ** विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. आलस का त्याग करना चाहिए. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**मीन** प्रतियोगिता परीक्षा में लाभ होगा. संतान से कार्य का लाभ होगा. किसी मित्र या परिवार के लोगों से मुलाकात होगी. जिससे मन खुश होगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें. गुरु मंत्र जपें.

एसटी सुरक्षित 5 लोकसभा सीटों के प्रभारी और संयोजक भी गैर आदिवासी, 14 सह संयोजकों में सिर्फ तीन ही आदिवासी चेहरे

# भाजपा ने 14 में से एक भी लोस सीट पर आदिवासी नेता को नहीं बनाया प्रभारी

सत्य शरण मिश्रा। रांची



भाजपा मिशन 2024 को लेकर झारखंड में सांगठनिक फेरबदल कर रही है. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहले 44 प्रदेश पदाधिकारियों की अपनी टीम बनाई. इसके बाद सभी लोकसभा सीटों के लिए लोकसभा प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक बनाये गये. भाजपा की नजर मुख्य रूप से झारखंड के एसटी सुरक्षित 5 लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर है. इसे देखते हुए बाबूलाल मरांडी ने अपनी 44 सदस्यीय नई टीम में आदिवासी नेताओं को तरजीह दी. लेकिन लोकसभा प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक (42 पदाधिकारियों) के चयन में आदिवासी नेताओं को दरकिनार कर दिया गया. 14 में से एक भी प्रभारी और संयोजक आदिवासी नहीं हैं. वहीं 14 सह संयोजकों में से सिर्फ 3 ही आदिवासी चेहरे हैं. आदिवासी बहुल कोल्हान, संथाल प्रमंडल का प्रभार गैर आदिवासी नेताओं को 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुख्य रूप से आदिवासी बहुल कोल्हान और संथाल परगना प्रमंडल में जोरदार झटका लगा था. 2019 में भाजपा ने कोल्हान के सिंहभूम लोकसभा (सिटिंग सीट) को गंवा दिया. वहीं उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में कोल्हान की आदिवासी सुरक्षित 9 सीटों के साथ-साथ सभी 14 विधानसभा सीटों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा. उधर संथाल परगना प्रमंडल के राजमहल संसदीय सीट भी 2019 में भाजपा हार गई. उसके 18 में 8 एसटी सुरक्षित विधानसभा सीटों पर भी भाजपा हार गई थी. इस लिहाज से उम्मीद की जा रही थी कि कम से कम संथाल और कोल्हान के लोकसभा सीटों पर भाजपा आदिवासी नेताओं को लगाएगी, लेकिन इसके विपरीत दोनों प्रमंडलों में गैर आदिवासी और सवर्ण नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है.

### संथाल और सिंहभूम में नियुक्त 12 में से सिर्फ एक पदाधिकारी आदिवासी

संथाल परगना के तीन लोकसभा सीटों में से दो राजमहल और गोड्डा आदिवासी सुरक्षित लोकसभा सीट हैं. भाजपा ने राजमहल का प्रभारी राकेश प्रसाद को बनाया है. वहीं अनंत ओझा संयोजक बनाये गये हैं. सिर्फ सह संयोजक दुर्गा मरांडी आदिवासी समुदाय से हैं. वहीं दुमका का प्रभार पूर्व मंत्री राज पलिवार को दिया गया है. विधायक रणधीर सिंह संयोजक और निवास मंडल सह संयोजक हैं. कुल मिलाकर संथाल की तीनों सीटों के लिए बनाये गये 9 पदाधिकारियों में से सिर्फ 1 जनजातीय समुदाय से हैं. वहीं कोल्हान के चाईबासा संसदीय सीट के लिए नियुक्त प्रभारी दिनेशानंद गोस्वामी, संयोजक संजू पांडेय और सह संयोजक शशिभूषण सागर भी गैर आदिवासी हैं. एसटी सुरक्षित खूंटी और लोहरदगा के प्रभारी भी गैर आदिवासी हैं. खूंटी का प्रभार जहां रवींद्र राय को दिया गया है, वहीं मनोज सिंह लोहरदगा के प्रभारी बने हैं.

पांच साल तक पौधों के रख-रखाव के लिए देना होगा मेंटेनेंस चार्ज

# प्रतिपूरक वनरोपण में निजी कंपनियों को प्रति हेक्टेयर देने होंगे 96775 रुपये

रवि भारती। रांची

प्रतिपूरक वनरोपण करने में अब निजी कंपनियों को अब 96775 रुपए देने होंगे. इसमें डिपार्टमेंटल चार्ज 17.5 फीसदी और कंटिजेंसी चार्ज पांच फीसदी देना होगा. इसमें पौधारोपण के लिए 54000 रुपए देने होंगे. पहले साल के लिए मेंटेनेंस के लिए 9100 रुपए, दूसरे साल मेंटेनेंस के लिए 5700 रुपए, तीसरे साल मेंटेनेंस के लिए 3600, चौथे साल 3400 रुपए, पांचवें साल 3200 रुपए देने होंगे.

**वन भूमि के अपयोजन का भी दर तय:** वन विभाग ने वन भूमि के अपयोजन के लिए नेट प्रेजेंट वैल्यू भी तय कर दिया है. वर्ग एक कटेगरी में अतिघने जंगल की भूमि एक हेक्टेयर अपयोजन करने के लिए 1595790 रुपए देने होंगे. घना जंगल के लिए प्रति हेक्टेयर 1436670 रुपए देने होंगे. वहीं खुले जंगल में प्रति हेक्टेयर 1116900 रुपए देने होंगे. इसकी वर्ग टू कटेगरी में घना जंगल के लिए 1595790 रुपए प्रति हेक्टेयर के लिए देने होंगे. घने जंगल की भूमि के लिए 1456670 रुपए देने होंगे. वहीं खुले जंगल की जमीन के लिए 1116900 रुपए देने होंगे.



- डिपार्टमेंटल चार्ज 17 .5 फीसदी और कंटिजेंसी चार्ज पांच फीसदी भी देना होगा
- वन भूमि के अपयोजन के लिए देने होंगे 1595790 रुपये प्रति हेक्टेयर

### क्या है वन विभाग का नेट प्रेजेंट वैल्यू

| कटेगरी | अतिघना जंगल | घना जंगल | खुला जंगल |
|---|---|---|---|
| क्लास वन | 1595790 रु/प्रति हेक्टे. | 1436670 रु/प्रति हेक्टे. | 1116900 रु/प्रति हेक्टे. |
| क्लास टू | 1595790 रु/प्रति हेक्टे. | 1436670 रु/प्रति हेक्टे. | 1116900 रु/प्रति हेक्टे. |
| क्सास थ्री | 1357110 रु/प्रति हेक्टे. | 1228590 रु/प्रति हेक्टे. | 957780 रु/प्रति हेक्टे. |
| क्लास फोर | 957780 रु/प्रति हेक्टे. | 861390 रु/प्रति हेक्टे. | 670140 रु/प्रति हेक्टे. |
| क्लास फाइव | 1436670 रु/प्रति हेक्टे. | 1292850 रु/प्रति हेक्टे. | 1005210 रु/प्रति हेक्टे. |
| क्लास सिक्स | 1516230 रु/प्रति हेक्टे. | 1372410 रु/प्रति हेक्टे. | 1069470 रु/प्रति हेक्टे. |

### क्या है क्षतिपूरक वनरोपण की दर

पौधारोपण- 54000 रुपए प्रति हेक्टेयर
पहले साल मेनटेनेंश का ख़र्च- 9100 रुपए
दूसरे साल मेंटेनेंस का खर्च- 5700 रुपए
तीसरे साल मेंटेनेंस का खर्च- 3600 रुपए
चौथे साल मेंटेनेंस का खर्च-3400 रुपए
पांचवें साल मेंटेनेंस का खर्च- 3200 रुपए
डिपार्टमेंटल चार्ज (17 .5 फीसदी)- 13825 रुपए
कंटिजेंसी चार्ज (पांच फीसदी)-3950 रुपए

## न्यूज अपडेट

### डीएसपीएम विवि में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के एनएसएस और एनसीसी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा निकाली. यात्रा में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्या के अलावा शिक्षक और छात्र भी शामिल हुए. इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमें इस बात का बोध कराती है कि हमारे वीर सेनानियों ने स्वतंत्रता और तिरंगे के सम्मान के लिए अपना सर्वस्व देश के नाम कर दिया. तिरंगा यात्रा हमें इस बात का भी स्मरण कराती है कि हम जहां भी हों, अपने समाज, राज्य और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें. कार्यक्रम में डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, डॉ. गणेश चंद्र बास्के, प्रियांश कुमार सहित छात्र शामिल थे.

### परीक्षा पर चर्चा प्रतियोगिता में डीएवी हेहल के छात्र चयन



**रांची।** हिनू स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थी आदित्य राज को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य एसके मिश्रा ने पुरस्कृत किया. बता दें कि विभिन्न स्कूलों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जिसमें पांच छात्रों का चयन किया गया. वहीं पांचों चयनित प्रतिभागियों में डीएवी हेहल के छात्र आदित्य राज का नाम शामिल है. आदित्य नौवीं कक्षा के छात्र हैं. इस सफलता पर प्राचार्य एसके मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आदित्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि अगर हमारे अंदर किसी चीज के प्रति अभिरुचि, तत्परता व अनुशासन हो, तो हमें कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता. गोस्वामी तुलसीदास की पंक्तियों का उदाहरण देते हुए प्राचार्य ने कहा कि हमारे जीवन में संगति का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, अच्छी संगति से हमारे सारे अवगुण दूर होते हैं और अच्छाइयों का आगमन होता है.

### प्रेस क्लब में आज मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



**रांची।** द रांची प्रेस क्लब में गणतंत्र जनवरी के अवसर पर मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा. इस शिविर में एलोपैथ, होमियापैथ और आयुर्वेद विधि के चिकित्सक हमें परामर्श उपलब्ध कराएंगे. विशेष तौर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अनुप मोहन नायर, सर्जन डॉ शैलेश वर्मा, न्यूरोसर्जन डॉ जतिन शेट्टी, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार प्रतीक और ओरल और जॉ के विशेषज्ञ डॉ अनूप कुमार परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे. इसके अलावा होमियापैथ के डॉ अरविंद, आयुर्वेद के डॉ वीके सिंह और एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट डॉ संतोष कुमार झा भी मरीजों को परामर्श देंगे. इस दौरान यूरिक एसिड, रैंडम ब्लड शुगर, बीपी, बोन डेंसिटी टेस्ट की जांच भी होगी. इसके अलावा निःशुल्क दवा का भी वितरण किया जाएगा.

### रांची कॉलेज से पास छात्रों को फरवरी में मिलेगी डिग्री



**रांची।** रांची कॉलेज (अब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय) से सत्र 2016-19 और 2017-20 में स्नातक और स्नातकोत्तर करने वाले छात्रों को डिग्री होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रदान की जायेगी. जिन छात्रों को अब तक डिग्री नहीं मिली है उनकी संख्या लगभग 10,000 है. छात्र अपनी डिग्री के लिए कई बार डॉ विश्वविद्यालय में आवेदन कर चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन दिया जा रहा है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को डिग्री देने की बात कही जा रही है. 22 फरवरी को विवि में दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा. इस दीक्षांत समारोह में पूर्व के सभी छात्रों को डिग्री दी जायेगी. जो छात्र दीक्षांत समारोह में शामिल होना चाहते हैं वे दीक्षांत समारोह का फार्म भर सकते हैं, इसके लिए 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है. छात्रों का कहना है कि डिग्री लेने के लिए पहले रांची विश्वविद्यालय के चक्कर काटे, क्योंकि रांची कॉलेज रांची विश्वविद्यालय के अंदर ही आता था. इसके बाद छात्रों से कहा गया कि उनकी डिग्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से मिलेगी. छात्रों को विश्वविद्यालय से भी हर बार आश्वासन ही दिया जा रहा था.

### अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल की बेल पर सुनवाई पूरी



**रांची।** साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ से ज्यादा के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी हो गयी है. गुरुवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेंशनन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में राहुल यादव और ईडी के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. बता दें कि राहुल यादव को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे. इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था. राहुल फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

### मिड डे मील मामले में संजय तिवारी को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार



**रांची।** 100 करोड़ मिड डे मील घोटाला मामले में आरोपी संजय तिवारी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली. अदालत ने संजय तिवारी की याचिका को खारिज कर दी. दरअसल मिड डे मील के करीब 100 करोड़ रुपए एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से ट्रांसफर कर दिया गया था. इसे लेकर धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी. बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली. वर्ष 2021 में ईडी ने कांड संख्या ईसीआईआर 3/2021 दर्ज कर केस टेकअप किया. संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं.

## सरला बिरला स्कूल में वार्षिकोत्सव 'श्रद्धा' का हुआ रंगारंग आयोजन

संवाददाता। रांची



सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव 'श्रद्धा' का रंगारंग आयोजन हुआ. सरदार उधम सिंह की देशभक्ति यात्रा 'मेरा सारा तुझपे वारा' विषय पर आयोजित वार्षिकोत्सव 'श्रद्धा' उत्साहपूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व झारखंड विधानसभा सदस्य बाबूलाल मरांडी ने दीप प्रज्जवलन कर किया. सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत आर्केस्ट्रा के साथ स्वागत गीत 'शुभ स्वागतम' से की गई. वहीं नृत्य नाटिका के माध्यम से बच्चों ने शहीद उधम सिंह की देशभक्ति व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और वीरता को दर्शाया. भांगड़ा की थाप, ऑर्केस्ट्रा की झनकार, छऊ, गतका, कलारीपयट्टू और शीर्षक गीत 'मेरा सारा तुझपे वारा' की प्रस्तुति से बच्चों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों, गुमनाम नायकों और भारत रत्न प्राप्तकर्ताओं की वेशभूषा धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने उधम सिंह पर आधारित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि भले ही आजादी की लड़ाई में हम सशरीर शामिल नहीं थे पर हम सबका यह दायित्व है कि हम विकसित भारत बनाने का संकल्प लें. विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर खुशी जाहिर की. वहीं प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यालय के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के युवाओं को उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि बीस साल बाद उनका जीवन आने वाली पीढ़ी के लिए एक संदेश बन जाए. साथ ही छात्रों को अपना ध्यान केंद्रित रखना चाहिए और अपने रास्ते में आने वाले प्रलोभनों से विचलित नहीं होना चाहिए. इस अवसर पर झारखंड राय यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सविता सेंगर, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे.

### जाति और धर्म से ऊपर उठ कर बिना किसी प्रलोभन मताधिकार का प्रयोग करें : राज्यपाल

विशेष संवाददाता। रांची



राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में हुआ. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन लोकतंत्र में मतदाता के लिए मताधिकार सशक्त हथियार है. लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय एवं प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए. इससे लोकतंत्र सुदृढ़ होगा.सुदृढ एवं सशक्त लोकतंत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने स्थापना काल से ही सतत प्रत्यनशील है एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है. राज्यपाल ने चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया

**यह हुए सम्मानित:** नये मतदाता के रूप में अदिति कुमारी, अदिति स्नेह, लावण्या सिंह, हर्षिता गुप्ता, आदित्य कुमार शुभम, बुजुर्ग मतदाता के रूप मेंसावित्री सिंह, मोती लाल साहू एवं दिव्यांग मतदाता के रूप में गोपिका आनंद को सम्मानित किया गया. पदाधिकारियों और कर्मचारियों में रविशंकर शुक्ला, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, सरायकेला खरसावां, अनन्य मित्तल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पश्चिम सिंहभूम, विपिन कुमार दूबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, मनिका दीपांकर चौधरी, मुकेश मछुवा, बंधन लांग, उप निर्वाचन पदाधिकारी, पश्चिम सिंहभूम, शैलेश कुमार सिंह, देवदास दत्ता, अवर सचिव सह सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, नूतन कुमारी, चंदन ठाकुर, ओमकार मिश्रा, युसूफ बदर, शशि मोहन सिंह, दीपेश कुमार को सम्मानित किया गया.

**मैराथन** मोरहाबादी में होने वाले कोल मैराथन के लिए 28 जनवरी तक होगा रजिस्ट्रेशन

# कोल इंडिया का 33.12 लाख का इनामी मैराथन 11 फरवरी को

संवाददाता। रांची

द्वितीय कोल इंडिया मैराथन-2024 के आयोजन को लेकर तैयारी जोरों पर है. 11 फरवरी को रांची के मोरहाबादी में आयोजित कोल मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी है. रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से कोल इंडिया मैराथन के आधिकारिक वेबसाइट से चल रही है. अंतिम दिनों में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को तेज करने के लिए सीसीएल शुक्रवार को रांची में तीन स्थानों पर हेल्प डेस्क लगा रही है. सीसीएल गांधीनगर, मेकॉन स्टेडीयम, एचईसी नेहरू स्टेडियम के पास हेल्प डेस्क लगाया जाएगा. जिसमें रजिस्ट्रेशन में आ रही परेशानी का समाधान और कोल मैराथन के लिए जागरूक किया जाएगा.




### इस साल बढ़ायी गयी है इनामी राशि

द्वितीय कोल इंडिया मैराथन की कुल इनामी राशि में बढ़ोतरी की गई है. इस 29.70 लाख से बढ़ाकर 33.12 लाख किया गया है. इस आयोजन में झारखंड सरकार, खेल विभाग, झारखंड ओलंपिक संघ का सहयोग रहता है. https://www.centralcoalfields.in/coal_india_marathon/index.html पर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है.

**मैराथन में 4 श्रेणियां, हर श्रेणी के लिए अलग-अलग शुल्क:** 26 मार्च 2023 को आयोजित पहले सीसीएल मैराथन की तरह ही इस वर्ष पुरुषों और महिलाओं के लिए दौड़ की 4 श्रेणियां तय की गई हैं. इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी की दौड़ शामिल है. पूर्ण मैराथन 42.195 किमी का होगा, जबकि हाफ मैराथन 21.098 किमी का होगा. इसमें हिस्सा लेने ते लिए प्रतिभागियों को पंजीकरण कराना होगा. इसके लिए शुल्क निर्धारित तक दिया गया है. फुल मैराथन के लिए 1000 रुपये, हाफ मैराथन के लिए 750 रुपये, 10 किमी के लिए 300 रुपये और 05 किमी के लिए 100

### सीसीएल ने शुरू किया सीसीएल क्वेस्ट

**रांची।** सीसीएल ने एक नई पहल के रूप में अपने सोशल मीडिया पर सीसीएल क्वेस्ट (बूझो तो जानें) क्विज की शुरुआत की. इसकी शुरुआत निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की उपस्थिति में की गयी. इस क्विज के माध्यम से खनन, लाइफस्टाइल, स्वास्थ्य इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे. निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि इस प्रयास से सीसीएल को जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा. साथ ही साथ इस प्रश्नोत्तरी से ज्ञानवर्धन भी होगा. प्रत्येक माह के अंत में सीसीएल के फेसबुक पेज पर सही उत्तर देनेवालों को पुरस्कृत भी करेगा.

# बीएसएस ने दामोदर को किया गंदा सीएम करें कानूनी कार्रवाई : सरयू

प्रमुख संवाददाता। रांची



विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि दामोदर नदी को प्रदूषित करने के लिए बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) पर कानूनी कार्रवाई करें. उन्होंने बोकारो डीसी और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इसके लिए निर्देश देने की अपील सीएम से की. सरयू ने कहा कि दामोदर बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने उन्हें कुछ तस्वीरें भेजी हैं, जिसमें यह दिख रहा है कि बोकारो स्टील के तेजाब नाले से गंदा पानी दामोदर में गिर रहा है. इससे दामोदर का पानी लाल हो रहा है. सरयू राय ने कहा कि दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रयास के कारण दामोदर नदी का जल चार साल पहले औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त हो गया था. अब इसे नगरीय प्रदूषण से मुक्त करने का अभियान चल रहा है. इसे लेकर रामगढ़, फुसरो, चास, धनबाद में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए भारत सरकार ने निधि स्वीकृत कर दी है, लेकिन आश्चर्य है कि बोकारो स्टील प्लांट आज भी रह-रह कर अपना प्रदूषित पानी दो बड़े नालों के माध्यम से दामोदर में डाल देता है. अब तो बोकारो स्टील ने प्रदूषण की सारी हदें तोड़ दी है. मीलों तक दामोदर नद के जल को लाल कर दिया, जिस कारण नागरिक जल का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं और मवेशियों एवं जलीय जीवों को भी नुकसान पहुंच रहा है.

# भारतीय गणतंत्र की चेतना

संविधान के बारे में संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने नागरिकों को सावधान रहने की हिदायत देते हुए कहा था : "मुझे लगता है यह संविधान व्यावहारिक है. यह शांति और युद्ध दोनों के समय देश को बांधे रखने के लिए लचीला भी है और मजबूत भी. वास्तव में, मैं यह कह सकता हूं कि यदि नए संविधान के अंतर्गत कुछ ग़लत होता है तो उसका कारण यह नहीं होगा कि हमारा संविधान खराब है. हमें यह कहना होगा कि यह मनुष्य की कमजोरी थी." इसके साथ यह भी कहा था, संविधान अच्छा होने के बावजूद सब कुछ इस बात पर निर्भर है कि सरकार में बैठे लोगों के इरादे क्या हैं. जाहिर है कि तमाम महानताओं के बावजूद समय की कुछ ऐसी चुनौतियां हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. 1950 में भारत के लोगों को समर्पित किए जानेवाले संविधान ने चौहत्तर सालों की यात्रा में अनेक अवरोधों के बावजूद दुनिया के लिए नजीर प्रस्तुत किया है. आजादी के बाद से ही भारत में लोकतंत्र की जीवंत प्रकिया सहज तरीके से चल रही है और संविधान की मूल आत्मा अक्षुण्ण है. अपने आप में यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है.

> भारत एक संप्रभु देश है, जो आजादी के बाद से ही दुनिया के स्तर पर एक बड़ी भूमिका निभाता रहा है. जब दुनिया शीतयुद्ध के दौर में दो खेमों में स्पष्ट तौर पर विभाजित थी, भारत ने बिना किसी के पक्ष में गए विश्वशांति की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया.

दूसरे महायुद्ध के बाद आजाद हुए अनेक देशों में न तो लोकतंत्र बचा और न ही संविधान की स्थिरता. इसका असर नागरिक आजादी और प्रभुत्व पर भी पड़ता है. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अर्जित किए गए मूल्य अंतरनिहित हैं, बल्कि आजाद भारत के नागरिकों की संप्रभुता की भावना को मजबूती दी है. भारत एक संप्रभु देश है, जो आजादी के बाद से ही दुनिया के स्तर पर एक बड़ी भूमिका निभाता रहा है. जब दुनिया शीतयुद्ध के दौर में दो खेमों में स्पष्ट तौर पर विभाजित थी, भारत ने बिना किसी के पक्ष में गए विश्वशांति की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया. भारत की यही परंपरा वैदेशिक नीति का मूल स्रोत बना हुआ है. लेकिन देश के भीतर कुछ ऐसे सवाल हैं, जिन पर गौर करने की जरूरत है. जिस तरह भारत में आर्थिक असमानता बढ़ी है, वह एक खतरनाक प्रवृत्ति का सूचक है. बढ़ती बेरोजगारी और संवैधानिक संस्थाओं की स्वयत्तता की हिफाजत का सवाल भी प्रमुखता से उठा है. इसके साथ ही भारत में बंधुत्व की दरार को तेजी से पाटने की चुनौती भी बनी हुई है. हमने जिस संपूर्ण संविधान को स्वीकार किया है, उसमें कहा गया है कि हम एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य हैं और इन मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है. इसके साथ ही इस समय देश को एक ऐसी वैज्ञानिक चेतना और दृष्टिकोण की जरूरत है, जो विश्व के स्तर पर भारत को आगे ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए. इन चुनौतियों के बावजूद भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है और नागरिकों को बेहतर जीवन देने की दिशा में भी भूमिका निभायी है. संविधान भारतीय लोकतंत्र की चेतना है और भारतीय भविष्य के चमकते सूर्य का प्रतीक भी. इसके साथ ही लोकतंत्र की रक्षा और नागरिक अधिकारों को अमली जामा पहनाना भी जरूरी है.

## सुभाषित

**उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।**
**न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः ।।**

दुनिया में कोई भी काम सिर्फ सोचने से पूरा नहीं होता बल्कि कठिन परिश्रम से पूरा होता है. कभी भी सोते हुए शेर के मुँह में हिरण खुद नहीं आता. लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम किया जाना चाहिए. केवल कल्पना करते रहने से वांछित लक्ष्य तक नहीं पहुंचा जा सकता.

# भारत के जनगण और संवैधानिक महत्व

**गणतंत्र का अर्थ होता है कि निर्धारित समय पर चुनाव होते रहें और शासन करने वाले जनता के माध्यम से उन्हीं के बीच से सत्ता में आते रहें. वह काम तो इस देश में बखूबी चल रहा है लेकिन न तो चुनाव आयोग की साख संदेह से परे है और न ही उसकी स्वायत्तता. चुनाव न सिर्फ केंद्र में सत्तारूढ़ दल और नेताओं की सुविधा के लिहाज से होते हैं, बल्कि मतदान के दिन तक आचार संहिता की अवहेलना होती है, लेकिन लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती न्यायपालिका और कार्यपालिका के टकराव के रूप में उपस्थित हो रही है.**



गणतंत्र सभी देशवासियों को मुबारक हो. इस औपचारिक शुभकामना संदेश के साथ यह सवाल भी लाजिमी है कि हमारा लोकतंत्र कहां गया. भले ही द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनने वाली पहली आदिवासी महिला हैं और उनसे पूरी दुनिया में एक अलग संदेश गया है, लेकिन उनके इस दावे पर सवाल उठता है कि हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सफल रहा है. हमारी अनेकता कमजोरी नहीं शक्ति साबित हुई है. न ही हम महज यह ढाढ़स बंधाए जाने से खुश हो सकते हैं कि भारत को जी-20 का नेतृत्व मिल गया और आर्थिक मोर्चे पर देश बहुत मजबूत है. अगर भारत एक सफल लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हो गया होता तो न तो यहां नफरत का ऐसा माहौल होता और न ही न्यायपालिका से लेकर चुनाव आयोग, केंद्रीय जांच एजेंसियां और मीडिया तक सारी संस्थाओं की साख संकट में होती. न तो हमारे केंद्रीय विधिमंत्री रोज ब रोज सुप्रीम कोर्ट को संसदीय संप्रभुता के आगे झुकने की नसीहत दे रहे होते और न ही सरकार के लठैत की तरह से काम कर रहे तमाम चैनल न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति पर भांति भांति के सवाल उठाते.

गणतंत्र का अर्थ होता है कि निर्धारित समय पर चुनाव होते रहें और शासन करने वाले जनता के माध्यम से उन्हीं के बीच से सत्ता में आते रहें. वह काम तो इस देश में बखूबी चल रहा है लेकिन न तो चुनाव आयोग की साख संदेह से परे है और न ही उसकी स्वायत्तता. चुनाव न सिर्फ केंद्र में सत्तारूढ़ दल और नेताओं की सुविधा के लिहाज से होते हैं, बल्कि मतदान के दिन तक आचार संहिता की अवहेलना होती है, लेकिन लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती न्यायपालिका और कार्यपालिका के टकराव के रूप में उपस्थित हो रही है. जिसे न्यायपालिका बनाम विधायिका के टकराव के तौर पर पेश किया जा रहा है. यह बात जनता को समझाई जा रही है कि कानून बनाने का काम विधायिका का है, उसे लागू करने का काम कार्यपालिका का है और उसकी व्याख्या करने का काम न्यायपालिका का है.

**• देश-काल**



**अरुण कुमार त्रिपाठी**

न्यायपालिका कानून नहीं बना सकती और अपने जजों की नियुक्ति खुद नहीं कर सकती. ऐसा संविधान में नहीं है. इससे संसद की संप्रभुता का उल्लंघन होता है. इसी के तहत देश के विधिमंत्री और राज्यसभा व लोकसभा के सभापति और अध्यक्ष उन तमाम न्यायिक निर्णयों पर सवाल उठाते हैं, जिनके कारण हमारा संविधान अभी तक बचा हुआ है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की किसी हद तक रक्षा कर पा रहा है.

यह बात स्थापित हो चुकी है कि भारत में न तो संसद बड़ी है और न ही न्यायपालिका. दोनों अपने अपने दायरे में स्वतंत्र हैं, लेकिन उन सबसे ऊपर है भारत का संविधान. जिसके भीतर संसद संशोधन कर सकती है, लेकिन वह संविधान के बुनियादी ढांचे को नहीं बदल सकती. केशवानंद भारती के मुकदमे में स्थापित बुनियादी ढांचे के सिद्धांत को संविधान के विरुद्ध बताया जा रहा है और उसी के आधार पर दिए गए एनजेएसी यानी राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग संबंधी फैसले को भी गलत बताया जा रहा है. सत्ता की ओर से लगातार दिए जा रहे बयान साफ तौर पर संकेत करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट से न्यायिक समीक्षा का अधिकार छीने जाने की तैयारी है और संविधान में बड़े संशोधन की योजना है.

यह आशंका निराधार नहीं है. क्योंकि ऐसा पहले हो चुका है और आज वैसे ही हालात निर्मित हो रहे हैं. जब जब न्यायपालिका और कार्यपालिका का टकराव एक सीमा से आगे जाता है तो उसकी गाज संविधान पर गिरती है. उस झगड़े में लोकतंत्र कमजोर होता है. 1973 में केशवानंद भारती का फैसला आने के बाद टकराव बढ़ा और उसकी परिणति भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर कई वरिष्ठ जजों को बाइपास करके एक जूनियर जज को भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर बिठाने के तौर पर सामने आया. बाद में प्रधानमंत्री के चुनाव के रद्द होने के साथ आपातकाल का लगाया जाना और संविधान के बड़े हिस्से को बदल देने वाला 42वां संविधान संशोधन किया गया.

लेकिन इन सब से ज्यादा चिंता की बात है सामाजिक जीवन में बढ़ती नफरत. यह महज संयोग नहीं है कि आज देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी समेत कई समाजवादी दल और बौद्धिक लोग नफरत छोड़ो, संविधान बचाओ और भारत जोड़ो यात्राएं निकाल रहे हैं. डॉ. अंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को भारत को नया संविधान देते हुए यह चिंता जताई थी कि अगर हम सामाजिक और आर्थिक बराबरी नहीं ला सके और यह भूल गए कि हमें सभी लोगों को न्याय देना है तो यह लोकतंत्र चल नहीं पाएगा. उन्होंने यह भी कहा था कि संविधान कितना भी लचर हो अगर उसे लागू करने वाले अच्छे लोग हैं तो वह बढ़िया काम करेगा. लेकिन अगर संविधान बहुत अच्छा हो और उसे लागू करने वाले बुरे हैं तो उसकी गति बुरी ही होगी. यही वजह है कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए भाईचारा और बराबरी को प्रमुख गुण माना था. दावोस में होने वाले वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में यह रिपोर्ट पेश की जाती है कि भारत के एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 30 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि नीचे के 50 प्रतिशत लोगों के पास 3 प्रतिशत संपत्ति है. वहां इन बातों से बेखबर हमारी सरकार अपनी आर्थिक संभावनाओं के गुण गा रही थी, जबकि दुनिया में आर्थिक संकट की आहट सुनाई पड़ रही है. पूंजीवाद की निरंतर बढ़ती आक्रामकता इस बात की द्योतक है कि उसे अब लोकतंत्र नहीं चाहिए. उसे एक उदारमना तानाशाही चाहिए और उसके लिए वह लंबे समय से काम कर रहा है.

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## धर्म का उद्देश्य

धर्म का उद्देश्य, केवल मानव को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि को अक्षय सुख लब्ध करवाने का मार्ग प्रशस्त करना है. मानव के लिए जीवन के अनुकूल सुख भी एक पड़ाव मात्र है, लक्ष्य तो निश्चित ही शाश्वत सुख है. सभी जीना चाहते हैं मरना कोई नहीं चाहता. इसलिए जियो और जीने दो का सिद्धांत अस्तित्व में आया है. शान्ति से जीने और अन्य को भी जीने देने के उद्देश्य से ही सभ्यता और संस्कृति का विकास हासिल किया गया है. क्योंकि सभ्यता और संस्कार से हम भी आनंद पूर्वक जीते हैं और अन्य सभी प्राणियों के लिए भी सहज आनंद के अवसर उपलब्ध करवाते हैं. यही है धर्म के उद्देश्य की सबसे सरल परिभाषा. इस उद्देश्य को प्रमाण वाक्य मानते हुए ही धर्म शास्त्रों की व्याख्याओं पर दृष्टिपात करना चाहिए. यदि किसी धर्मोपदेश की व्याख्या सभ्यता और संस्कार के विपरीत जाती है तो वह सर्वांग मिथ्या व्याख्या है. जो व्याख्या सभ्यता से पतनोन्मुख करने का कारण बनकर, पुनः आदिम जंगली संस्कार की ओर प्रेरित करे तो धर्मोपदेश की वह व्याख्या निश्चित ही कुमार्ग लक्षी है. हमने युगों के निरंतर, कठिन पुरुषार्थ और दुष्कर संघर्ष के परिणाम स्वरूप ही इस उच्च सभ्यता का संधान किया है. उसका मात्र भ्रांत धार्मिक व्याख्याओं से अद्यपतन कैसे स्वीकार किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, हमने जंगली, क्रूर, विकृत खान-पान व्यवहार को आज शुद्ध, अहिंसक, सभ्य आहार से सुसंस्कृत कर लिया है. यहां सभ्यता मात्र स्वच्छ और पोषक आहार से ही अपेक्षित नहीं, बल्कि अन्य जीवसृष्टि के जीवन अधिकार से सापेक्ष है. उसी तरह संस्कृति समस्त दृष्टिकोण सापेक्ष होती है. सभ्यता में सर्वांग प्रकृति का संरक्षण निहित होता है. अब पुनः विकृत खान-पान की ओर लौटना धर्म सम्मत कभी नहीं हो सकता. सभ्यता के विकास का अर्थ आधुनिक साधन विकास नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विकास है. ऐसे विकसित आधुनिक युग में यदि कोई अपनी आवश्यकताओं को मर्यादित कर, सादा रहन सहन की शैली अपनाता है और अपने भोग उपभोग को संयमित करता हुआ, पुरातन दृष्टिगोचर होता है तब यह आदिम परंपरा की ओर लौटना नहीं, बल्कि सभ्यता के सर्वोत्तम संस्कार के शिखर को छूना है. धार्मिक व्याख्याओं की वस्तुस्थिति पर इसी तरह विवेकशील चिंतन होना आवश्यक है.

# उपलब्धियों के बावजूद कुछ विचारणीय सवाल

**• गणतंत्र**

**सत्यवान सौरभ**

यह सच है कि भारत ने महान लोकतांत्रिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, लेकिन स्वतंत्रता के बाद हमें इस देश और समाज में जिन उच्च आदर्शों की स्थापना करनी चाहिए थी, हम आज ठीक इसके विपरीत दिशा में जा रहे हैं और भ्रष्टाचार, दहेज, मानव घृणा, हिंसा जैसी समस्याएं अश्लीलता और बलात्कार अब जीवन का हिस्सा बनते जा रहे हैं. लेकिन हमारा देश प्राचीन काल से ही अनेक समस्याओं को आगे बढ़ा रहा है, वर्तमान भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, ऐसे में युवाओं को अपनी भागीदारी बढ़ाकर देश, समाज और परिवार का लोकतंत्रीकरण करना होगा. हालांकि भारत ने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपना स्थान बनाया है, लेकिन यह विकास के नाम पर बहुत कुछ खो भी रहा है. गरीबी आज के भारत की सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है, अधिकांश लोग गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं और अमीर और गरीब के बीच भारी विभाजन है. विषम महिला अनुपात, कुछ आर्थिक अवसरों, मजदूरी में असमानता, हिंसा, कुपोषण आदि के साथ लैंगिक भेदभाव सभी स्तरों पर बना हुआ है. सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार भारत में एक प्रमुख चिंता का विषय रहा है. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भारत 180 देशों में 78वें स्थान पर है. यह राजनीति, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र – तीनों स्तरों पर गुप्त और प्रकट दोनों रूपों में मौजूद है. साम्प्रदायिकता और धार्मिक कट्टरवाद ने भारत में बहुत खतरनाक रूप धारण कर लिया है. यह भारत की राष्ट्रवादी पहचान का अपमान है और इसकी विकसित धर्मनिरपेक्ष संस्कृति के लिए एक दुखद झटका है. राजनीतिक लोकतंत्र की सफलता के लिए आर्थिक लोकतंत्र और सामाजिक लोकतंत्र के साथ इसका गठबंधन आवश्यक है. आर्थिक लोकतंत्र का अर्थ है कि समाज के प्रत्येक सदस्य को उसके विकास के लिए समान भौतिक सुविधाएं प्राप्त हों. लोगों के बीच अधिक आर्थिक असमानता नहीं होनी चाहिए और एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का शोषण नहीं कर सकता. अत्यधिक गरीबी के वातावरण में एक ओर लोकतांत्रिक राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है और दूसरी ओर सामाजिक लोकतंत्र का अर्थ है कि सामाजिक स्तर पर विशेषाधिकारों की कमी है. लेकिन ये दोनों अभी भी भारत में स्थापित नहीं हो पाए हैं. हमारे देश के 1% अमीरों के पास देश की 85% से ज्यादा संपत्ति है, देश के 63 अरबपतियों की कुल संपत्ति राष्ट्रीय बजट के बराबर है. इसके साथ ही असमानता, लिंग, जातीय, धार्मिक भेदभाव देश को वास्तविक लोकतंत्र स्थापित

> अधिकांश लोग गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं और अमीर और गरीब के बीच भारी विभाजन है. विषम महिला अनुपात, कुछ आर्थिक अवसरों, मजदूरी में असमानता, हिंसा, कुपोषण आदि के साथ लैंगिक भेदभाव सभी स्तरों पर बना हुआ है. सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार भारत में एक प्रमुख चिंता का विषय रहा है. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भारत 180 देशों में 78वें स्थान पर है.

करने से रोकता है. राजनीति का अपराधीकरण और चुनावों में धन बल का प्रयोग भारतीय चुनावों की एक बड़ी समस्या रही है. मौजूदा लोकसभा में 200 से ज्यादा सांसद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं. इसके साथ ही देश में गरीबी, भ्रष्टाचार के हथकंडों ने लोगों के दैनिक जीवन में निराशा फैलाते हुए चुनाव व्यवस्था को प्रभावित किया है. राजनीतिक जीवन में बाहुबल, धनबल, जातिवाद, साम्प्रदायिकता और भ्रष्टाचार के बढ़ते प्रभाव ने राजनीतिक परिदृश्य को विषैला बना दिया है! भारत की कठिन, दूरगामी और लंबी न्यायिक प्रक्रिया ने देश में न्याय की स्थिति ला दी है.कई बार कुशासन के कारण न्याय की निष्पक्षता ही कटघरे में आ गई है. न्याय में देरी को अक्सर अन्याय के बराबर माना जाता है. हमारी न्यायपालिका में 3 लाख से अधिक मामले लंबित हैं. औपनिवेशिक विरासत से सिविल सेवा और पुलिस सेवा स्वयं को स्वामी मानती है, जबकि लोकतंत्र में दोनों को सेवा प्रदाता माना जाता है. इसके साथ ही पितृसत्ता, खाप पंचायत जैसी अवधारणाओं ने देश में लोकतंत्र को कमजोर किया है. एक चिंता यह भी है कि भारत में समूह की प्राथमिक इकाई परिवार और समाज दोनों ही अब लोकतांत्रिक नहीं रह गए हैं. भारतीय लोकतंत्र भी क्षेत्रवाद से संघर्ष करता है, जो मुख्य रूप से क्षेत्रीय असमानताओं और विकास में असंतुलन का परिणाम है. राज्य के भीतर और भीतर असमानता की निरंतर भावना उपेक्षा, अभाव और भेदभाव की भावना पैदा करती है. लोकतंत्र की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति के रूप में काम करने वाले चुनाव राजनेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा धन और बाहुबल के दुरुपयोग से प्रभावित होते हैं. अधिकांश राजनेताओं के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं; चुनावों के लिए धन के स्रोत संदिग्ध बने हुए हैं. भारत का बहुलवाद इसकी सबसे बड़ी ताकत है और दुनिया के लिए इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. "भारतीय मॉडल" विविधता, लोकतंत्र और विकास के तिपाई पर टिका है.

# गणतंत्र यानी संभावनाओं का विस्तार

**• सामयिकी**

**किशोर**

यह कहना उचित नहीं है कि गणतंत्र से हमें क्या मिला? पूछना यह चाहिए कि गणतंत्र से हमें इतना कम क्यों मिला? इस प्रश्न का पूरा उत्तर ढूंढ़ने में ही गणतंत्र की शेष संभावनाएं छिपी हुई हैं. भारत में आकर सभी आधुनिक सिद्धांत पानी पीने लगते हैं. अमर्त्य सेन की प्रसिद्ध उक्ति है कि जहां लोकतंत्र और प्रेस की आजादी है, वहां बड़े पैमाने पर कोई अनाचार नहीं हो सकता. लोग शोर करेंगे, विरोध की आवाजें उठेंगी, प्रेस मुद्दा बनाएगा और चूंकि शासकों को अगले चुनाव में सफल होने के लिए वोट चाहिए, वे जन असंतोष को शांत करने के लिए कुछ न कुछ जरूर करेंगे. इस तरह राज्य की सत्ता जनतांत्रिक प्रक्रिया से छनकर शुद्ध होती चलती है. सिद्धांत के स्तर पर बात एकदम टकसाली सच लगती है, लेकिन क्या यह भारत पर लागू भी होती है? यह दावा कौन कर सकता है कि लोकतांत्रिक भारत साल-दर-साल बेहतर होता जाता है? एक मायने में बेहतरी जरूर हुई है और होती ही जा रही है. वह है उपभोग के आधुनिक सामान में वृद्धि. मोबाइल फोन की क्रांति ने कुछ ही वर्षों में देश-काल का जो संकोच कर दिया है, वह आश्चर्यजनक है. महानगरों में साधारण व्यक्तियों को भी, यहां तक कि बिजली मिस्त्रियों, प्लंबरों और घरेलू नौकरानियों को भी मोबाइल फोनों का इस्तेमाल करते देखा जा सकता है. आधुनिक जीवन के अन्य उपकरणों फ्रिज, रसोई गैस, टेलीविजन इत्यादि का प्रयोग भा बढ़ा है. मध्यवर्गीय जीवन में संपन्नता के चमकते चिह्न दिखाई देने लगते हैं. रंगे-पुते चेहरों की भरमार हो गई है. इसी चमक को देख और दिखाकर भारत का आत्म-मुग्ध और अदूरदर्शी शासक वर्ग दावा करने लगा है कि हमारा देश अब विकसित देशों की पंक्ति में आ गया है. इस दावे से सिर्फ इतना ही पता चलता है कि यह स्वार्थी और आत्म-केंद्रित वर्ग जब 'हमारा देश' कहता है, तो उसकी नजर सिर्फ दस-पंद्रह करोड़ व्यक्तियों की जिंदगी पर केंद्रित रहती है. उसकी राजनीतिक चेतना से यह बात निरंतर ओझल रहती है कि देश के सत्तर-अस्सी करोड़ लोग किस तरह जी रहे हैं. उन्हें पेट भर स्वास्थ्यप्रद खाना मिलता है या नहीं, स्वच्छ पानी के स्रोत उनके घरों से कितने दूर हैं और गंभीर रूप से बीमार होने पर अस्पताल में भर्ती होने के लिए उन्हें कितनी दूर जाना पड़ता है और उचित चिकित्सा के अभाव में तथा दवाओं और चिकित्सकों के भारी खर्च को न सह पाने के कारण कितने लोग रोज दम तोड़ देते हैं.विषमता रहित समाज के लिए और भी ऊंचा सिद्धांत चाहिए. कोई चाहे तो यह उच्चतर सिद्धांत गणतंत्र की बारीक व्याख्या

> इसी चमक को देख और दिखाकर भारत का आत्म-मुग्ध और अदूरदर्शी शासक वर्ग दावा करने लगा है कि हमारा देश अब विकसित देशों की पंक्ति में आ गया है. इस दावे से सिर्फ इतना ही पता चलता है कि यह स्वार्थी और आत्म-केंद्रित वर्ग जब 'हमारा देश' कहता है, तो उसकी नजर सिर्फ दस-पंद्रह करोड़ व्यक्तियों की जिंदगी पर केंद्रित रहती है.

से भी निकाल सकता है. लेकिन किसी भी जागरूक समाज में गणतंत्र इतना तो करता ही है कि कोई अपने को असहाय महसूस न करे. राज्य संपन्न व्यक्ति को और ज्यादा संपन्न होने की छूट और सुविधा देता है, तो विपन्न व्यक्ति को भी आवश्यक सुरक्षा प्रदान करता है. इसलिए हम पश्चिमी देशों में परिवार और पाठशाला से लेकर उच्चतम व्यवस्था तक में कुछ गणतांत्रिक तत्त्वों को देख सकते हैं.

फ्रांस के अप्रतिम चिंतक विक्टर हूगो ने ठीक ही कहा है कि जिस विचार का समय आ गया है, उसे कोई रोक नहीं सकता. यह बात फ्रांस की क्रांति के समय कही गई थी. लोकतंत्र भी ऐसा ही विचार है. पुरानी काट के राजा-महाराजाओं का युग बीत गया तो बीत गया. उनकी वापसी असंभव है. तानाशाह अभी भी बचे हुए हैं, पर उनके दिन भी गिने-चुने हैं. पूंजी का शासन जरूर मजबूत हो रहा है, लेकिन यह भी कितने दिन टिक सकेगा? दरअसल, जो भी चीज समाज के हित में नहीं है, वह कुछ ही दिनों तक बनी रह सकती है, क्योंकि समाज से उसका द्वंद्वात्मक रिश्ता बन जाता है और इतना शक्तिशाली कौन है, जो समाज को गुलाम बनाकर रख सके. ऐसा ईश्वर भी टिक नहीं सकता, जो विषमता को विचार मानता हो. इसलिए तमाम गणतंत्र-विरोधी ताकतों के बने रहने के बावजूद गणतंत्र भारत में भी एक मुक्तिदात्री प्रक्रिया साबित हुआ है. भारत में गणतंत्र न होता, तो क्या दलित अपना आक्रोश इतनी तुर्शी से व्यक्त कर सकते थे? गणतंत्र की अनुपस्थिति में क्या मंडल क्रांति हो पाती? देश के सभी अल्पसंख्यकों को गणतंत्र से ही ताकत मिलती है. स्त्री-पुरुष संबंधों में भी पहलेवाली तानाशाही नहीं रही. स्त्री पहले कराह भी नहीं सकती थी. आज वह बराबरी की मांग करती है. गांवों की पंचायतों में आधी संख्या स्त्रियों और दलितों की होती है. इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि गणतंत्र से हमें क्या मिला?

**मीडिया में अन्यत्र**

# भारत मालद्वीप : रिश्तों में उथलपुथल

**मालदीव** के मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों और भारतीय पर्यटकों से इस द्वीपसमूह का बहिष्कार करने के आह्वान के साथ-साथ मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों को लेकर भारत-मालदीव के बीच तनातनी के कुछ ही हफ्तों के भीतर, दिल्ली और माले एक अन्य विवाद से रूबरू हैं. इस बार मसला "अनुसंधान" करने वाले चीनी जहाज जियांग यांग होंग 03 का है, जिसके फरवरी में माले में लंगर डालने की उम्मीद है. भारत ने हिंद महासागर में चीनी जहाजों की मौजूदगी को लेकर अपनी चिंताएं स्पष्ट कर दी हैं. "अनुसंधान" करने वाले चीनी जहाजों की श्रीलंका यात्रा पर आपत्ति जताने के बाद, नई दिल्ली यह सुनिश्चित करने में कामयाब रही कि कोलंबो 2024 से उन सभी अनुसंधान करने वाले विदेशी जहाजों पर प्रतिबंध लगा दे, जिनके बारे में यह माना जाता है कि वे वहां लंगर डालकर सैन्य और नागरिक मकसदों के लिए आंकड़े इकट्ठा करते हैं. एक ऐसे समय में जब राष्ट्रपति मुइज्जू की नई सरकार ने भारत-मालदीव हाइड्रोग्राफी समझौते को रद्द कर दिया है, नई दिल्ली की नजर में चीनी जहाजों की आगवानी में पलक-पावड़े बिछाया जाना एक प्रतिशोध जैसा है. माले ने संयुक्त राज्य अमेरिका हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर की यात्रा का भी स्वागत किया, जिन्होंने उपकरण पेश किए. ये घटनाक्रम कई अन्य झटकों के बाद हुए हैं, जिसकी शुरुआत पिछले साल "इंडिया आउट" नारे के साथ अभियान चलाने वाले श्री मुइज्जू की चुनावी जीत से हुई थी. उनकी सरकार की भारतीय कर्मियों को बाहर निकालने की योजना तथा तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और चीन की यात्राओं को प्राथमिकता देने के उनके फैसले ने हालात को और ज्यादा संगीन बना दिया.यह महत्वपूर्ण है कि माले के विरोध और भारत में अति राष्ट्रवादी आह्वानों के बावजूद, नई दिल्ली ने मुइज्जू सरकार से संपर्क साधना बंद नहीं किया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में श्री मुइज्जू से मुलाकात की थी और पेचीदा मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी पिछले सप्ताह मालदीव के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी. उम्मीद है कि दोनों पक्षों को इस बात का एहसास होगा कि उनके बीच पनपे तनाव सिर्फ उन समस्याओं के लक्षण हैं, जो बड़ी बन सकती हैंः पहला, एक क्षेत्रीय शक्ति जो वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा रखती है और दूसरा, एक द्वीपसमूह जो अपनी आर्थिक और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी जरूरतों के लिए बाहरी ताकतों पर निर्भर है. जहां किसी भी देश के लिए संप्रभुता सर्वोपरि है, वहीं यह भी महत्वपूर्ण है कि दोनों पक्ष टकराव के बजाय शांति के फायदों पर गौर करें. (द हिंदू)



**शब्द चर्चा** **डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

## गण/तंत्र

**गणतंत्र** भारत की सनातन संस्कृति में रचा-बसा शब्द है. सनातन संस्कृति में एक बहुत ही शक्तिशाली देवता हैं गणपति, भगवान गणेश-सर्वस्थूल तनुं गजेंद्र वदनं लंबोदरं सुंदरं. भगवान गणेश या गणनायक को प्रथम पूज्य कहा जाता है, गणपति का मतलब गण का नायक. गणनायक ही गणराज्य के प्रेरणास्रोत हैं. गणतंत्र में गण इसी अर्थ में ध्वनित होता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार गण का अर्थ है दल, समूह या जत्था, गिरोह, टोली, वर्ग, श्रेणी. गणतंत्र संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है, जिसमें तत्पुरुष समास है. गण का उपयुक्त अर्थ है किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह. अनुचर और सेवक को भी गण कहा जाता है. शिव के गण का सीधा मतलब है शिव के दूत या सेवकों का दल. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति, जीव या वस्तुओं का वह विभाग जिसके और उपविभाग किये जा सकते हों. छंद शास्त्र में तीन वर्णों का वर्ग या समूह गण कहलाता है. जैसे जगण, तगण, नगण, भगण, यगण और सगण. गण से ही बना गणना शब्द का अर्थ है गिनने की क्रिया, गिनती, लेखा, हिसाब. जिसकी गणना की जा सके यानी गिनने योग्य हो, प्रतिष्ठित वर्ग में आने के काबिल हो, लिहाज करने योग्य है. अगला शब्द तंत्र है. इसका सामान्य अर्थ है शासन की एक विशिष्ट प्रणाली, सिस्टम, राज्य और उसके अंतर्गत काम करनेवाले सभी राजकीय कर्मचारी, कोई कार्य करने की प्रक्रिया, व्यवस्था. तंत्र का मतलब डोरा या सूत, तंतु, कपड़े बुनने की सामग्री, चमड़े की डोरी, तांत भी होता है. तंत्र-मंत्र शब्दयुग्म का तंत्र है भारतीय साधना की एक पद्धति जिसमें प्रतीकों और बीजाक्षरों का प्रयोग अभीष्ट की सिद्धि के लिए किया जाता है. गणतंत्र का अर्थ हुआ ऐसी शासन प्रणाली जिसमें परंपरागत राजा या रानी के शासन के बजाय जनता द्वारा ही चुनाव प्रक्रिया द्वारा शासक या प्रतिनिधि चुने जाते हैं, वह देश या राज्य जिसकी सत्ता जनसाधारण में निहित होती है.

# तेरा मास्टर ही करेंगे बेड़ा पार!

**• तीर-तुक्का**

**रवि प्रकाश**

गुरु जी यानी मास्टर साहब की मक्खनबाजी ही जीवन का सार है, जिसने गुरु को मक्खन लगा दिया, उसका बेड़ा पार और जो यह समझता रहा कि मेरा ज्ञान ही मुझे परीक्षा में सफल कराएगा, वह मतिमंद और भ्रम में डूबा हुआ छात्र मँझधार में डूब जाता है. किनारे पर वही पहुंच पाता है जिसे मास्टर साहब की कृपा प्राप्त हो जाती है. प्रायः यह कृपा ट्यूशन पढ़ने से प्राप्त होती है. इस कार्य में यद्यपि छात्र को अपनी जेब ढीली करनी पड़ती है, लेकिन फिर वह मंद-मंद मुस्काते हुए परीक्षा-कक्ष में परीक्षा देने के लिए जाता है और जैसी कि उसे आशा थी ट्यूशन पढ़ाने वाले गुरु जी के बताए हुए प्रश्न ही परीक्षा में आते हैं. वह निपुणता पूर्वक उनका उत्तर लिखता है और अगर कोई कमी रह भी जाती है तो कॉपी जांचने के लिए गुरु जी के ही पास जानी है. वह अपने प्रिय शिष्य को कभी भी परीक्षा में फेल नहीं होने देते. जिसे गुरु का संबल मिल गया, वह समझ लो परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया. जिसने अपने आप पर भरोसा किया, उसकी मटकी नदी के बीचो-बीच टूटनी निश्चित है. आमतौर पर जिन विषयों में प्रैक्टिकल की परीक्षा भी होती है. उनमें तो बिना गुरु के आशीर्वाद के छात्र के लिए परीक्षा की वैतरणी प्राप्त करना असंभव है. गुरु के ऊपर यह निर्भर करता है कि वह प्रैक्टिकल में कितने नंबर छात्र को दिलवाए. आंतरिक परीक्षा में सब कुछ गुरु के हाथ में रहता है. लेकिन अगर बोर्ड की भी परीक्षाएं हैं और बाहर से भी कोई परीक्षक प्रैक्टिकल की परीक्षा लेने आ रहा है तब भी वह लोकल-गुरु से विचार विमर्श अवश्य करता है तथा उसकी सलाह पर ही छात्रों को अंक प्रदान किए जाते हैं. लोकल-गुरु अपने परम प्रिय शिष्यों को ज्यादा से ज्यादा नंबर दिलाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं. शिष्य को केवल गुरु के चरण दबाने होते हैं. बाकी सारा कार्य गुरु के ऊपर छोड़ दिया जाता है. गुरु कह देते हैं -"बस तुम मेरी चमचागिरी करते रहो. मैं तुम्हारी सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर लूंगा." प्रैक्टिकल के मामले में गुरु की सत्ता सर्वोच्च होती है. जब तक गुरु न चाहे ,शिष्य प्रैक्टिकल करना नहीं सीख सकता. जिन छात्रों को गुरु की महत्ता का ज्ञान नहीं होता, वह गुरु का अनादर कर बैठते हैं. कई बार उससे उलझ लेते हैं.



# धर्म अध्यात्म

## इन तीन राशियों के लिए खुल रहे भाग्य के द्वार


आचार्य अजय कुमार मिश्रा

**अगर मौजूदा दौर से कुछ परेशान से हैं तो यह परेशानी शायद अब खत्म होने वाली है. फरवरी महीने ग्रहों की स्थिति कुछ ऐसी बदल रही है कि कई राशियों के लिए भाग्य के द्वार खुल रहे हैं. दरअसल फरवरी महीने में सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र समेत 4 बड़े ग्रह अपनी राशि बदलने जा रहे हैं, जिससे कन्या समेत कुछ राशियों को जबरदस्त लाभ होने वाला है.**

आने वाला मास यानी फरवरी ग्रहों के राशि परिवर्तन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण प्रतीत हो रहा है. इस महीने में सूर्य, बुध, शुक्र और मंगल समेत 4 बड़े ग्रह अपनी चाल बदलने जा रहे हैं. दरअसल हिंदू पंचांग के अनुसार, 1 फरवरी को ग्रहों के राजकुमार बुध मकर राशि में जाएंगे. वहीं 5 फरवरी को मंगल मकर राशि में गोचर करेंगे. धन-ऐश्वर्य के ग्रह शुक्र 12 फरवरी को मकर राशि में प्रवेश करेंगे. 13 फरवरी को सूर्यदेव कुंभ राशि में चले जाएंगे. फरवरी माह में मकर राशि में सूर्य, मंगल और बुध ग्रह एक साथ आएंगे. इससे बुधादित्य राजयोग और आदित्य मंगल योग का निर्माण होगा. इसका शुभ-अशुभ प्रभाव सभी 12 राशियों पर नजर आएगा. लेकिन सिंह, कन्या और तुला राशि के लिए यह समय भाग्य के द्वार खोल देगा. आइए जाने इन तीन राशियों पर क्या पड़ेगा.



### सिंह राशि

फरवरी महीने के पहले दिन से ही जीवन में सकारात्मकता का अनुभव होगा. पिछले कुछ दिनों से जिस बात से आप परेशान रहे हैं, उनसे निजात मिलेगा. एक नई ऊर्जा सी महसूस होगी. आत्मविश्वास में इजाफा होगा. जीवन में नए सकारात्मक बदलाव आएंगे. वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी. जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. करियर में भी विकास होगा. तरक्की के कई सुनहरे अवसर मिलेंगे.

### कन्या राशि

कन्या राशि वालों के करियर के लिए यह मास खास होगा. करियर में नई उपलब्धियां हासिल होंगी. इस वक्त आप कई बार खुद को अधीर महसूस कर सकते हैं, लेकिन कार्यों में आ रही बाधाएं जल्द दूर होंगी. शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी. निराशा के बादल जो कुछ समय से छाए हुए थे, अब दूर होंगे. कड़ी मेहनत का फल मिलेगा. आत्मविश्वास में इजाफा होगा. कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी. तरक्की के अवसर खुलेंगे.

### तुला राशि

माह के शुरुआत में ही बदलाव महसूस होगा. हमेशा एक सकारात्मकता सी महसूस होगी. दोस्तों की मदद से कार्यों की बाधाएं दूर होंगी. जीवनसाथी के संग रिश्ता पहले से अधिक मजबूत और मधुर होगा. आपसी आकर्षण बरकरार रहेगा और रिश्तों में प्यार-रोमांस बढ़ेगा. स्वभाव में कभी कभी अधिक महत्वकांक्षा नजर आ सकती है. यह कई लिहाज से बेहतर परिणाम देगा. लेकिन ध्यान रखें कि स्वभाव में विनम्रता बनाएं रखें. खास कर पार्टनर से बातचीत के दौरान व्यवहार की कोमलता नहीं छोड़ें.

## खुशी संदेश-03

## जैसी रहेगी आपकी संगत, वैसे ही होंगे गुण


मुकेश चौहान

एक अध्यापक अपने शिष्यों के साथ घूम रहे थे. रास्ते में वे अपने शिष्यों को अच्छी संगत की महिमा समझा रहे थे. लेकिन शिष्य इसे समझ नहीं पा रहे थे. तभी अध्यापक ने फूलों से भरा एक गुलाब का पौधा देखा. उन्होंने एक शिष्य को उस पौधे के नीचे से तत्काल एक मिट्टी का ढेला उठाकर ले आने को कहा. जब शिष्य ढेला उठा लाया तो अध्यापक बोले– इसे अब सूंघो. शिष्य ने ढेला सूंघा और बोला- गुरु जी, इसमें से तो गुलाब की बड़ी अच्छी खुशबू आ रही है. तब अध्यापक बोले- जानते हो, इस मिट्टी में यह मनमोहक महक कैसे आई ? दरअसल इस मिट्टी पर गुलाब के फूल, टूट-टूटकर गिरते रहते हैं. इसलिए मिट्टी में भी गुलाब की महक आने लगी है. यह असर संगत का है. जिस प्रकार गुलाब की पंखुड़ियों की संगति के कारण इस मिट्टी में से गुलाब की महक आने लगी, उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसी संगत में रहता है उसमें वैसे ही गुण-दोष आ जाते हैं. लब्बोलुआब यह, संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश के लिए हमें सदैव अच्छी संगत रखनी चाहिए.


डॉ मयंक मुरारी

**माघ मास का हरेक दिन पर्व है. इसके हरेक दिवस के साथ उत्सव जुड़ा है. वैदिक काल में शिशिर के पौष और माघ को तप और तपस्या का मास कहा जाता था. बाहरी वातावरण में ठंडा बतास बहता है और जीवन के अंदर ताप का वास होता है. बाहर के बतास का संबंध भीतर के ताप से हो, ताकि व्यक्ति को इस जन्म जन्मांतर से मुक्ति प्राप्त हो सके. समूचे संवत्सर में माघ की प्रतीक्षा इसी कारण होती है.**

# माघ का माधव से संबंध



## आज से माघ मास प्रारंभ

**माघ का महीना पहले माध का महीना कहलाता था. माध अर्थात श्री कृष्ण के एक स्वरूप माधव से इसका संबंध है. मान्यता है कि माघ मास में किए गए कार्यों का फल कई जन्मों तक मिलता है. यही वजह है कि माघ महीने में श्रीकृष्ण, सूर्य देव की पूजा, गंगा स्नान, जरुरतमंदों को दान देने का विशेष महत्व है**

### माध बना माघ

माघ का महीना पहले माध का महीना कहलाता था. माध अर्थात श्री कृष्ण के एक स्वरूप माधव से इसका संबंध है. मान्यता है कि माघ मास में किए गए कार्यों का फल कई जन्मों तक मिलता है. यही वजह है कि माघ महीने में श्रीकृष्ण, सूर्य देव की पूजा, गंगा स्नान, जरुरतमंदों को दान देने का विशेष महत्व है.

### कल्पवास का मास

माघ मास में कल्पवास ( तैतरीय संहिता 1.4. 14 ) का विधान है. कल्पवास यानी नदी के तट पर निवास करना और यज्ञ, तप, सेवा, ध्यान और योगादि क कर्म के माध्यम से जीवन को आत्मिक उन्नति के मार्ग पर ले जाना होता है. यह कल्पवास पौष शुक्ल एकादशी से आरंभ होकर माघ शुक्ल द्वादशी पर्यन्त एक मास तक का विधान है. संयम, करुणा, अहिंसा और श्रद्धा के गुण कल्पवास की मूल भावना के साथ जुड़े हैं.

### रिवाज में ये सब

हमारे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा रहस्य का है. इस रहस्य को ह्रदय के माध्यम से जाना जाता है. अंतर की अनुभूति के लिए माघ सबसे उपर्युक्त है. इसकारण ऋषियों ने गुण धर्म के आधार पर इस माह का नामांकन तपस्यः किया था. इस ऋतु में प्रकृति पर बुढ़ापा छा जाता है. वृक्षों के पत्ते झड़ने लगते हैं. चारों ओर कुहरा छाया रहता है. इस ऋतु से ऋतुचक्र के पूर्ण होने का संकेत मिलता है. और फिर से नववर्श और नवीन जीवन की शुरूआत होने लगती है. माघ महीने की शुक्ल पंचमी से वसंत ऋत्र का आरंभ होता है. इस दिन माता सरस्वती की आराधना की जाती है. भगवान शिव की आराधना के लिए महाशिवरात्रि का महापर्व इस मास में ही मनाया जाता है. प्राचीन पुराणों में वर्णन है कि माघ मास के पुण्य स्नान से नारायण प्राप्त होते हैं. श्रद्धालु इस माह में कम से कम एक दिन भी गंगा स्नान कर पुण्य के भागी बनना चाहते हैं. माघ मास में खिचड़ी, घृत, नमक, हल्दी, गुड़, तिल के दान को महादान बताया गया है. इस कारण सदियों से माघ मास में देश के विभिन्न नदियों गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा के तट पर माघ मेला लगता है. इस अवधि में पवित्र नदियों में स्नान करने से एक विशेष ऊर्जा की प्राप्ति होती है. माघ मास में कृष्ण पक्ष की मौनी अमावस्या का दिन भी अति पवित्र होता है. इस दिन मौन रहकर या मुनियों जैसा आचरण करते हुए स्नान-दान करने का रिवाज है.

### तप और त्याग का मास

उपनिषद के ऋषियों ने सूर्य मंडल में मधुनाड़ी की उपस्थिति का अनुभव किया था. इस मधुनाड़ी के कारण बहने वाली हवाएं भी सोम, रस और प्राण से उत्प्रेरित होती हैं. इसलिए यह सूर्य के उत्तरायण का कारण बनता होता है. सूर्य तप का और ज्ञान का प्रतीक है. इससे माघ की पूरी अवधि तप और त्याग का होता है. इसमें एक ओर शरीर का बल धीरे धीरे घटता जाता है तो दूसरी ओर पत्ते, वातावरण में पीलापन, फसल की पियराई के कारण फसल और अन्न के दान में मीठास आता है. यह मिठास हमारे भीतर जाकर रुग्णता को खत्म कर मजबूती प्रदान करती है. शीतकाल का खानपान वर्षभर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है. इस काल में मीठा भोजन अच्छा लगता है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से दवा का काम करता है तथा सुपाच्य और स्वादिष्ट होता है. जिसके प्रसाद से जगत का विकास और पोषण चलता है, उसकी गति का आरंभ माघ है.

## “माधवः प्रीयताम” कहते हुए दान दें ऊनी वस्त्र, जूते, अन्न

**माघ का पवित्र मास आज से प्रारंभ हो रहा है. धार्मिक ग्रंथों में पूजा-पाठ, दानधर्म, स्वास्थ्य लाभ और पुण्य प्राप्ति के लिए माघ का महीने के महत्व का वर्णन है. इस माह में सनातन धर्म के लोग प्रयागराज में एक महीने का कल्पवास करते हैं. शास्त्रों में इस माह हमारे लिए कुछ विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं. आइए, जाने कि माघ मास में करना पुण्य के लिए द्वार खोलेगा-**

### ब्रह्म मुर्हूत में स्नान

नारदपुराण में माघ मास में ब्रह्ममुहूर्त के स्नान का महत्व वर्णित है. कहा गया है कि इससे प्राणी के सभी महापातक दूर हो जाते हैं और प्राजापत्य-यज्ञ का फल प्राप्त होता है. इस माह में किसी भी तीर्थ, नदी और समुद्र में स्नान करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है. अगर किसी कारणवश आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो घर में ही स्नान के पानी में पवित्र जल का कुछ अंश मिला दें.

### सूर्य की उपासना

पदमपुराण में इस बात का उल्लेख है कि पूजा, तपस्या, यज्ञ आदि से भी श्रीविष्णुजी को उतनी प्रसन्नता नहीं होती जितनी कि माघ महीने में प्रातः स्नान कर जगत को प्रकाश देने वाले भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से होती है. धर्म के विद्वानों ने सलाह दी है कि पूरे मास के दौरान सुबह स्नान कर सूर्य मंत्र का उच्चारण करते हुए सूर्य को अर्घ्य दें. इससे समस्त पापों से मुक्ति मिलती है.

### शिवलिंग पर अभिषेक

माघ मास में शिवजी की पूजा का भी विशेष महत्व है. पूरे माह जल में गंगाजल की कुछ बूंदें मिलाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करें. इससे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है. विशेष कामना की पूर्ति के लिए इस माह में रुद्राभिषेक कराने की सलाह दी जाती है. इस समय श्री विष्णुसहस्रनाम व श्री सूक्त का पाठ भी धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति दिलाता है.

### दान

माघ मास में दान का विशेष महत्व है. इस मास में तिल, गुड़ और कंबल के दान करना चाहिए. ऊनी वस्त्र, रजाई, जूता एवं जो भी शीतनिवारक वस्तुएं हैं उनका दान कर 'माधवः प्रीयताम' यह वाक्य कहना चाहिए. मत्स्य पुराण में माघ मास में ब्रह्मवैवर्त पुराण के दान का महत्व बताया गया है. प्रतिदिन अन्न दान करने से कभी धन की कमी नहीं आती है.



### माघ मास का महत्व

एक पौराणिक कथा के अनुसार, माघ मास में गौतम ऋषि ने इंद्रदेव को श्राप दिया था. जब इंद्रदेव ने उनसे क्षमा याचना मांगी तो गौतम ऋषि ने माघ मास में गंगा स्नान कर प्रायश्चित करने को कहा. तब इंद्रदेव ने माघ मास में गंगा स्नान किया था. इसके बाद इंद्रदेव को श्राप से मुक्ति मिल गई थी. इसलिए माघ पूर्णिमा और अमावस्या के दिन का स्नान पवित्र माना जाता है.

## परीक्षा के दबाव ज्योतिषीय पक्ष

दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के नजदीक आते ही बच्चे तो बच्चे उनके माता पिता भी परीक्षा के बुखार से ग्रसित होने लगते हैं. बच्चों पर अधिक से अधिक अंकों से उत्तीर्ण होने का दवाब इतना अधिक होता है कि वे तनाव से ग्रसित होने लगते हैं. बच्चों में बढ़ते इस तनाव का ज्योतिषीय पक्ष को जानने का प्रयास करेंगे-

1. जन्म कुंडली में लग्न, सूर्य एवं चंद्र का कमजोर होना. अशुभ ग्रहों से युत और दृष्ट होकर नवांश कुंडली के अष्टम भाव, द्वादश भाव से संबंध बनाना. यह योग शारीरिक रूप से दुर्बलता प्रदान करता है.
2. नीच के चंद्र का संबंध वक्री एवं अस्त बुध के साथ होना. कुंडली में बनने वाला यह योग मानसिक दुर्बलता को दर्शाता है. इस योग का संबंध यदि पंचम भाव के साथ साथ शनि मंगल और राहु से हो जाए तो ऐसा बच्चा मानसिक रूप से इतना उलझ जाएगा कि वहां से बहार कैसे निकला जाए निर्णय नहीं ले पायेगा.
3. पंचम भाव में नीच का मंगल हो और पंचमेश छठे या अष्टम भाव में राहु, केतु के साथ हो. इस योग की वजह से बच्चे में मानसिक उग्रता आएगी और इस वजह से विषय को ठीक से समझ नहीं पायेगा.
4. पंचमेश का मृत्यु भाग में होना बच्चे को विषय पर ठीक से पकड़ बनाने में अक्षम करेगा.
5. चतुर्दशी के चंद्र का सूर्य के साथ होना अस्थिर मन को दर्शाता है.
6. कमजोर पंचम, पंचमेश के साथ यदि द्वितीय भाव एवं द्वितीयेश भी बिगड़ा हुआ है तो ऐसे योग के प्रभाव वाला बच्चा पढाई को लेकर सही स्थिति को छुपाता रहता है.
7. बोर्ड परीक्षा के समय चलनेवाल दशा के संबंध यदि पंचम भाव से, दशम भाव से, एकादश भाव से नहीं बन रहा है तो परीक्षा में बच्चे द्वारा प्रतिकूल प्रदर्शन के संकेत मिलता है.

आगे बढ़ने से पहले यह कहना बेहद जरूरी कि ज्योतिष कभी भी एकांगी होकर बात नहीं करता. किसी एक योग के निर्माण से सम्पूर्ण फलादेश नहीं करने की सलाह देता. कुंडली को समग्रता एवं सम्पूर्णता में विश्लेषित करने की सलाह देता है.

-कृष्णा नारायण

## बच्चे का स्टडी रूम और वास्तु


स्वामी विमलेश
वास्तु विशेषज्ञ

**बच्चा कुशाग्र बुद्धि का होता है, तब भी कई बार पढ़ाई में दिल नहीं लगाता. एकाग्र नहीं हो पाता. कई बार बच्चा मेहनत तो करता है लेकिन अपेक्षित फल नहीं मिल पाता. बेशक पढ़ाई लिखाई में कहां-किस स्तर पर कमी रह गई यह माता-पिता, शिक्षक, काउंसलर का विषय है. लेकिन वास्तु की माने तो इसमें भी कुछ खास बातें काम कर जाती हैं. आइए जाने कि वास्तु के अनुसार बच्चों की पढ़ाई का कमरा कैसा और कहां हो-**



1. बच्चों का पढ़ाई का कमरा उत्तर दिशा, पूर्व दिशा या उत्तर-पूर्व दिशा में होना चाहिए. पढ़ाई करते समय उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ ही मुख करें.
2. बच्चे की स्डली टेबल या पढ़ाई का स्थान कभी भी बीम या पिलर के नीचे नहीं हो, इस बात का ध्यान रखें. पढ़ाई में एकाग्रता के लिए यह बेहद जरूरी है.
3. बच्चे की पढ़ाई करने की मेज पर ग्लोब या तांबे का पिरामिड रखना उचित रहता है. इससे पढ़ाई में मन एवं ध्यान लगाने में मदद मिलती है.
4. यदि तमाम कोशिश के बाद भी बच्चा पढ़ाई में दिल नहीं लगाता तो उसके कमरे में एक बार मोरपंख रख कर देखें. इससे एकाग्रता बढ़ती है और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रहता है.
5. जिस कुर्सी पर बैठ कर बच्चा पढ़ता है, उसके पीछे का हिस्सा सिर से ऊंचा होना चाहिए. पढ़ते वक्त सामने किताबों का ढेर नहीं हो, यह सुनिश्चित करें. जिस किताब-कॉपी को पढ़ना हो बस वही साथ रखें.
6. कमरे की पूर्व दिशा में एक उगते हुए सूर्य का चित्र लगाएं. साथ ही उसके पीछे कोई दरवाजा खिड़की न हो, इससे ध्यान ज्यादा भटकेगा.
7. कमरे में सूर्य के प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो. कमरे की पूर्व दिशा या ईशान कोण में देवी सरस्वती का चित्र लगाएं.
8. पढ़ते समय मेज पर एक पानी का गिलास भरकर रखें. अध्ययन कक्ष में कोई भारी सामान न रखें. कमरा जितना खाली और साफ-सुथरा होगा, पढ़ाई में उतना मन लगेगा.
9. बच्चों के स्टडी रूम की दीवारों को हल्का पीला, हल्का गुलाबी, हल्का हरा आदि से ही रंगाएं. यह रंग उन्हें पढ़ाई व लक्ष्य में ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं.

## दूर होगी पैसे की बाधा आजमाए ये उपाय

धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति की इच्छा भला किसे नहीं होती. हर व्यक्ति चाहता है कि धन का प्रवाह बना रहे और पैसे रुपयों की दिक्कत वह नहीं झेले. लेकिन यह चाहत सभी की पूरी नहीं हो पाती. कईलोग हमारे आसपास ऐसे मिलेंगे जो पूरी मेहनत के बाद भी जिंदगी की दौड़ में असफल रहते हैं. मां लक्ष्मी की कृपा उन पर नहीं बन पाती. ज्योतिष शास्त्र में ऐसे कई उपाय बताए गए हैं जिन्हें आजमाकर इस तरह की बाधा को कुछ हद तक दूर किया जा सकता है. आइए जानते हैं धन प्राप्ति के कुछ उपाय-

- ब्रह्म मुहूर्त में उठ कर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहन कर लक्ष्मी सूक्त और श्री सूक्त का पाठ करें. कहा जाता है कि ऐसा लगातार 108 दिनों तक करने से धन संबंधी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी.
- काली मिर्च के 5 दाने लें और उन्हें अपने सिर से 7 बार उतारें. इसके बाद इनमें से 4 दाने चारों दिशाओं में फेंक दें और पांचवे दाने को आकाश की ओर फेंक दें.
- शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी की पूजा करें. पूजा के बाद 11 हल्दी की गांठें लें और उन्हें लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख दें. कहा जाता है कि इससे तिजोरी कभी खाली नहीं रहती.
- श्रीयंत्र को मंदिर में या घर के ईशान कोण में शुक्रवार, दीवाली के दिन या किसी अन्य शुभ दिन में स्थापित करें और फिर प्रतिदिन इसकी पूजा करें. कहा जाता है कि इससे घर में मां लक्ष्मी का स्थाई वास होता है।
- शुक्रवार को अशोक वृक्ष की थोड़ी सी जड़ लाकर अपने घर की तिजोरी में रखें. कहा जाता है कि इससे घर में धन की कमी नहीं होती और धन का आगमन बना रहता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन :** बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी ने तनावपूर्ण मुकाबले में माचाक व झांग को हराया

# पहले ग्रैंडस्लैम से सिर्फ एक जीत दूर बोपन्ना

**फाइनल में सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगी भिड़ंत**

**सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से जीते बोपन्न व एबडेन**

भाषा। मेलबर्न




रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से अब बस एक जीत दूर है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया. दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिझेन की जोड़ी को गुरुवार को तनावपूर्ण सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया. करीब दो घंटे तक चले मैच में सुपर टाइ ब्रेकर्स में उनका अनुभव काम आया. झांग विश्व रैंकिंग में 54वें और माचाक 75वें स्थान पर हैं. दोनों एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में होने के साथ बेहद शानदार खिलाड़ी है और उन्होंने बोपन्ना तथा एबडेन को कड़ी चुनौती दी. एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया था. उन्होंने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया. वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे हैं लेकिन ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत सके.

### पर्दे के पीछे काफी तैयारियां चलती रहती हैं : रोहन बोपन्ना

मैच के बाद बोपन्ना ने कहा कि सर्किट पर हमने कई सुपर टाइब्रेकर खेले हैं. हमारे प्रतिद्वंद्वियों का रिटर्न बेहतरीन था जिससे हमें सर्विस मजबूत रखनी थी. एबडेन के साथ मेरा तालमेल अच्छा रहा है. इस उम्र में भी सफलता के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे काफी तैयारियां चलती रहती है. मेरे साथ एक बड़ी टीम है. मैने अपना फोकस बनाये रखा और फिटनेस पर पूरा ध्यान दिया. मैं सिर्फ योग करता हूं और मुझे लगता है कि मानसिक मजबूती से मदद मिली.

## गॉफ को हराकर सबालेंका फाइनल में



गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को यहां कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं. सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया. शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन और डायना यास्त्रेमस्का के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी. झेंग और दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी यास्त्रेमस्का पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के समीफाइनल में खेल रहे हैं.

- सेमीफाइनल में 7-6, 6-4 से जीती सबालेंका
- लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची सबालेंका

पेज 1 का शेष...

## तौ मोंहि बरजउ भय...

उनके राम तो सभासदों से खुल कर कहते हैं कि बिना किसी भय के मेरे गलत, अनीतिगत निर्णयों का विरोध करें. तुलसी लिखते हैं-

**एक बार रघुनाथ बोलाए, गुरु द्विज पुरवासी सब आए**
**बैठे गुरु मुनि अरु द्विज सज्जन, बोले वचन भगत भव भंजन**
**सुनहु सकल पुरजन मम बानी, कहंउ न कछु ममता उर आनी**
**नहिं अनीति नहिं कछु प्रभुताई, सुनहु कहहु जो तुमहिं सोहाई**
**और अंत में राम कहते हैं-**
**जौं अनीति कछु भाखौं भाई, तौ मोहिं बरजहु भय बिसराई.**

रामराज्य की स्थापना के उद्घोषक चाहे आजादी की लड़ाई के समय के हों, बाद के हों, तब के हों या अब के, किसी ने भी प्रजा को तो छोड़िए, अपने दलीय नेताओं, कार्यकर्ताओं को यह स्वतंत्रता दी है ? जब रामराज्य का सपना देखने और दिखानेवाले गांधी जी पट्टाभिसीतारमैया की सुभाष बाबू के हाथों पराजय को अपनी हार बताते हुए खिन्न हो गये और अंततः सुभाष को अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा, तो छुटभैये नेताओं की क्या बात करें ? उस समय के शासक की लोक में आस्था देखिए. दशरथ चक्रवर्ती सम्राट थे. फिर भी उन्होंने राम के राज्याभिषेक का निर्णय स्वयं नहीं लिया था. उन्होंने पंचायत बुलायी थी. उन्होंने पंचायत में यह प्रस्ताव रखा था- जौ पांचौ मन लागहिं नीका, करहुं हरषि हिय रामहिं टीका. यानी यदि आपलोगों को मंजूर हो तो मैं प्रसन्नतापूर्वक राम का राज्याभिषेक करना चाहूंगा. वह न भी पूछते तो उन्हें रोकनेवाला कौन था, वह भी राम के राज्याभिषेक के लिए. हालांकि राम का अभिषेक नहीं हो सका. राम वनगमन के लिए माता कौशल्या से आज्ञा लेने पहुंचे. इस प्रसंग के बहाने तुलसी ने लोकतंत्र का एक नया चित्र उकेरा है. कौशल्या कहती हैं- जौं केवल पितु आयसु ताता, तो जनि जाहु जानि बड़ि माता. अर्थात् यदि केवल पिता ने वनवास का आदेश दिया है तो मत जाओ, क्योंकि मैं बड़ी माता हूं और उस आदेश का निषेध करती हूं. दूसरे शब्दों में कहें तो वोट बराबर है. एक इधर, एक उधर. लेकिन-जौं पितु मातु कहेउ बन जाना, तौ कानन सत अवध समाना. यानी यदि माता (कैकेयी) और पिता दोनों का आदेश है तो जंगल सैकड़ों अयोध्या के समान है. वन जाओ, क्योंकि उधर दो वोट हो गये हैं.

### अयोध्या के राजकुमार के लिए केवट ने नाव देने से मना कर दिया

दशरथ अपने आमात्य सुमंत को कहते हैं कि राम को ले जाओ, थोड़ा नगर की सीमा के बाहर घुमा-फिरा कर वापस ले आओ. लेकिन राम सुमंत को जबर्दस्ती वापस भेज देते हैं और अयोध्या के सुख सौंदर्य को ठुकरा कर वन गमन कर जाते हैं. सुख सौंदर्य भी ऐसा कि जहां के भवन भी स्वर्णजड़ित हैं- जातरूप मनि रचित अटारी. आज किसी भी शासक वर्ग के प्रतिनिधि का अभीष्ट ही सत्ता है, चाहे उसकी प्राप्ति के साधन कुछ भी हों. वनगमन के क्रम में राम की पहली मुठभेड़ निषाद राज केवट से होती है-मांगी नाव न केवट आना. बताइए अयोध्या के राजकुमार के लिए केवट ने नाव देने से मना कर दिया. अपने यूपी, बिहार, झारखंड के किसी नेता के बेटे को कोई नाविक ना कह देता तो शायद प्राण संकट में पड़ जाते. यद्यपि इस अवज्ञा पर लक्ष्मण तमतमा गये. लेकिन केवट और आगे बढ़ गया. बोला राम जी और आपके पिता दशरथ जी की सौगंध खाता हूं. लक्ष्मण जी को तीर मारना है तो मार दें, लेकिन नाव तब तक नहीं लाऊंगा जब तक आप पैर नहीं धुलायेंगे. तुलसी लिखते हैं-

पद कमल धोई चढ़ाई नाव न नाथ उतराई चहौं
मोहिं राम राउर आन दशरथ सपथ सब साची कहौं
बरु तीर मारहुं लखनि पै जब लगि न पाय पखारिहौं
तब लगि न तुलसीदास नाथ कृपाल पारु उतारिहौं

### राम सही अर्थों में समाजवादी थे

केवट के प्रेम लपेटे अटपटे बैन सुन कर राम जी लक्ष्मण और सीता की ओर देख कर विहंसते हैं और केवट के पांव धोने की जिद मान लेते हैं. इसके बाद तो वह पैदल ही चलते हैं. वाल्मीकि रामायण में जो अयन है, उसके दो अर्थ हैं, एक घर और दूसरा गति यानी चलना. घर तो राम ने चित्रकूट में बनाया, लेकिन उन्होंने किसी नगर में प्रवेश नहीं किया. न सुग्रीव की किष्किंधा में और न रावण की लंका में. वह वनवास में थे, तो वन में ही रहे. यह था राम का संकल्प. अपनी मां और अयोध्या की जनता से किया गया वादा. वह कह कर आये थे- पिता दीन्ह मोहिं कानन राजू. उन्हें एक तरह से जंगल की व्यवस्था ठीक करनी थी, जिसे उन्होंने किया भी. यह राम की गारंटी थी. उन्होंने जंगल में अपनी अलग पहचान बनायी. ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों को सहारा दिया. वे सब तो वन में ही तो रहते थे और असुर, निशाचर, राक्षस उनकी स्वतंत्रता में बाधक थे. उनसे कर्म का अधिकार छीनते थे. इसलिए उन्होंने निसिचरहीन करौं महि भुज उठाई प्रन कीन्ह की उद्घोषणा की. यह एक वनवासी का संकल्प था त्रस्त, आक्रांत वनवासियों की रक्षा के लिए. वह चाहते तो सुग्रीव के बदले बालि से मित्रता कर लेते और रावण बालि के एक संदेश पर सीता को लौटा देता. लेकिन राम जंगल गये थे वंचितों, पीड़ितों, शोषितों को न्याय दिलाने, उन्हें संगठित करने. राम स्वयं एक वंचित थे. उन्होंने आसान राह नहीं चुनी. वे जुगाड़ू नहीं थे. वे पुरुषार्थी थे. इसलिए संकट में उन्होंने अपने लिए अवसर तैयार किया. उन्होंने सुग्रीव की सहायता की, उनसे मित्रता की, वानरों, रीक्षों का समूह एकत्र किया और उन्हें एक सबल प्रदान किया. वे सही अर्थों में समाजवादी भी थे. उन्होंने शबरी के जूठे बेर खाने में भी संकोच नहीं किया.

### राम महान बने, मर्यादा पुरुषोत्तम बने अपने कर्म से

भगवान श्री राम हमारे नेताओं की तरह नहीं थे, जो अपने निहित स्वार्थों की गरज से दलितों के घर भोजन करने जाते हैं या उनके यहां एक रात गुजारते हैं. राम के शौर्य से विश्व उसी समय परिचित हो गया था, जब उन्होंने ताड़का का वध किया और सुबाहु व मारीच को परास्त कर दिया था. उनके पराक्रम की चर्चा चहुंओर तभी होने लगी थी, जब जनकपुर में शिव का धनुष - लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़े, काहू न लखा देखि सब ठाढ़े के जादुई अंदाज में तोड़ दिया था. लेकिन तब साथ में विश्वामित्र थे. जंगल में राम के व्यक्तित्व व कृतित्व की कमान स्वयं उनके हाथ में थी. रावण बालि और सहस्रबाहु दोनों से हार चुका था. इसलिए उसके वध मात्र से राम महान नहीं बने. राम महान बने, मर्यादा पुरुषोत्तम बने विपरीत परिस्थितियों में वन में किये गये अपने कर्म से. उनका रामत्व प्रतिपादित हुआ व्यष्टि के बजाय समष्टि की चिंता से, उसके प्रति परदुखकातरता के भाव से. आज हमारे गणतंत्र के नायक जिताऊ उम्मीदवार खोजते रहते हैं, जाति-धर्म के चौसर बिछाते रहते हैं, खुटचाल चलते रहते हैं. अब जबकि राम अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ लौट आये हैं, क्या उम्मीद की जा सकती है कि हमारे कर्णधार हमारे गणतंत्र को वह आभा प्रदान करने की ईमानदार कोशिश करेंगे, जिसका सपना हम 75 साल से देख रहे हैं ?

भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार, 246 पर सिमटा इंग्लैंड

## स्पिनरों के सामने बैजबॉल बेअसर




भाषा। हैदराबाद

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति को बेअसर साबित करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया. स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके.

मददगार पिच पर रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाये जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को दो दो विकेट मिले. पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने की इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति कहीं नजर नहीं आई जिसके दम पर पिछले कुछ अर्से में उसने अपार सफलता हासिल की है.

### भारतीय बल्लेबाजों ने की शानदार शुरुआत

यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से मेजबान भारत ने अच्छी शुरूआत की. पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिये थे . शानदार फॉर्म में दिख रहे युवा बल्लेबाज जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं.

### अंडर-23 झारखंड क्रिकेट टीम में पलक चयनित

**रांची।** बूटी क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी कुमारी पलक का चयन अंडर-23 झारखंड महिला क्रिकेट टीम में हुआ.



कुमारी पलक ने इस वर्ष झारखंड क्रिकेट महिला अंडर-15 की कप्तान करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया है. इस उपलब्धि पर कोच पंचित कुमार महतो और कुमारी पलक के परिवार ने उन्हें बधाई दी. बता दें कुमारी पलक की मां संगीता कुमारी भगत जो नगड़ी थाना में एसआई के पद पर कार्यरत है और पिता जय भरत सिंह जिनका खुद का व्यापार देवघर में है.

### एसजीएफआई : वुशू में झारखंड ने जीते 4 कांस्य

**रांची।** रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में गुरुवार को दूसरे दिन अंडर -14 बालक कबड्डी व अंडर-17/19 बालक,बालिका वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. झारखंड की बेटियों ने वुशू में झारखंड की झोली में चार कांस्य पदक डाले. राज्य की सोनोका कुमारी, निशा कुमारी, खुशी कुमारी, राखी कुमारी ने कांस्य पदक जीता, साथ ही झारखंड की होलिका कुमारी और सुमन कुमारी डे ने फाइनल में जगह बनाई. वहीं कबड्डी के बालक वर्ग में झारखंड की टीम को हिमाचल प्रदेश के हाथों हार का सामना करना पड़ा.

### चौथी बार कोहली ने जीता वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पिछले साल घरेलू सरजमीं पर विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया. कोहली का यह चौथा पुरस्कार है. वह पिछले साल वनडे में हमवतन शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे. पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ने छह शतक और आठ अर्धशतकों से पिछले साल 1377 रन बनाये. यह साल इसलिये याद किया जायेगा कि कोहली ने सचिन तेंदुलकर के वनडे में शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था. कोहली ने भारत को विश्व कप में 11 मैच में रिकॉर्ड 765 रन बनाकर 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार भी हासिल किया था.

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी
संदेश



आज 26 जनवरी को भारत के सभी देशवासियों के द्वारा आस्था एवं उत्साह के साथ एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत विश्व के विकसित देशों की पंक्ति में खड़े होने की ओर अग्रसर है। देश की इस महान उपलब्धि में झारखण्ड राज्य एवं जमशेदपुर के उद्योग जगत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जमशेदपुर लौह नगरी की पावन श्रमशील धरा पर स्थित झारखण्ड का प्रथम महिला विश्वविद्यालय भी त्वरित गति से विकास पथ पर अग्रसर है। विश्वविद्यालय अपने सिदगोड़ा स्थित नये भवन में सुव्यवस्थित हो गया है। स्नातकोत्तर एवं अन्य कई पाठ्यक्रमों की कक्षाएँ नये भवन में संचालित हो रही है। स्नातक एवं अन्य व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों की कक्षाएँ बिष्टुपुर स्थित भवन में चल रही हैं। विश्वविद्यालय–पुस्तकालय के डिजिटलाइजेशन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। विश्वविद्यालय के सभी प्रशासनिक कार्य भी नये भवन से निष्पादित हो रहे हैं। रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए विभिन्न संस्थानों/प्रतिष्ठानों के साथ MOU किये गये है। विश्वविद्यालय Placement Cell के माध्यम से हमारे विश्वविद्यालय के कई छात्राओं को उत्कृष्ट संस्थानों व प्रतिष्ठानों में अच्छी नौकरियों में नियोजित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की प्रथम कुलपति होने के नाते इसे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी शैक्षणिक संस्था बनाने के लिए मैं कृतसंकल्प हूँ।

अंत में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी इस राष्ट्रभक्तिपूर्ण मनःस्थिति में समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं शहरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता
कुलपति

शुभकामना संदेश
झारखण्ड सहित सभी देशवासियों को मेरी ओर से गणतंत्र दिवस की अनेक शुभकामनाएं



आज हम सभी हर्ष और उल्लास के साथ राष्ट्र के 75वें गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। 26 जनवरी, 1950 को आज ही के दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। हम भारत के लोगों को यह गर्व है कि लंबी पराधीनता और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भारत के संविधान सभा के माध्यम से हमारे देश का संविधान निर्मित किया गया।

भारत का संविधान देशवासियों के लिए ऐसी संहिता है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श, देश के शासन और संस्कृति में विविधताओं को समावेशित करते हुए जनता के अधिकारों को देश के सामाजिक और राजनितिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से स्थापित किया है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावनाओं को एक सुत्र में पिरोते हुए भारत का संविधान विश्व के महानतम संविधानों में से एक है।

आईए हम सभी इस पावन अवसर पर भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए झारखण्ड सहित देश के सभी प्रांतों से रहे संविधान सभा के सदस्यों को याद करें। जिनके अथक प्रयास से देश के लोगों को स्वतंत्रता और संविधान प्राप्त हुए।

जय हिन्द, जय भारत, जय झारखण्ड

रबीन्द्र नाथ महतो
अध्यक्ष,
झारखण्ड विधानसभा, रांची

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड
इंडियन कॉपर कॉम्पलेक्स, मऊभंडार

75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड / इंडियन कॉपर कॉम्पलेक्स प्रबंधन की ओर से घाटशिला अनुमंडल के समस्त निवासियों एवं ताम्र परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं।

श्याम सुंदर सेठी
महाप्रबंध सह इकाई प्रमुख
इंडियन कॉपर कॉम्पलेक्स

Ref. HCl/ICC/PR/ID/2014 Dt. 25.01.2024

# शीतलहर का कहर, 24 घंटे में दो बच्चों समेत 5 लोगों की मौत

**पटना ।** राजधानी पटना समेत पूरा बिहार इन दिनों भीषण ठंड और शीतलहरी की चपेट में है. जानकारी के अनुसार, राज्य में अलग-अलग जिलों में बुधवार को पांच लोगों की मौत हुई है. इनमें मुजफ्फरपुर और लखीसराय के दो छात्र, गोपालगंज के डेहरी पुलिस लाइन में पदस्थापित सिपाही, बक्सर के सिमरी रामोपट्टी का किसान और सारण में एक व्यक्ति शामिल हैं. आशंका जतायी जा रही है कि ठंड के कारण सभी की मौत हुई है. जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर के बोचहां में क्लास 6 का छात्र कुर्बान सुबह स्कूल गया था. 10 बजे के बाद वह कांपता हुआ घर पहुंचा. आनन-फानन में उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया. लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गयी थी. मुजफ्फरपुर डीएम प्रणव कुमार के अनुसार, ठंड से बच्चे की मौत हुई है. वहीं लखीसराय के कजरा प्राथमिक विद्यालय श्रीघना की है. जहां क्लास वन का छात्र प्रार्थना के दौरान बेहोश हो गया. डॉक्टर के पास ले जाने के क्रम में उसने दम तोड़ दिया. तीसरी घटना गोपालगंज के डेहरी पुलिस लाइन में पदस्थापित शंभू राय की मौत हो गयी. चौथी घटना बक्सर के सिमरी रामोपट्टी के किसान चंद्रदीप राम की अचानक तबीयत बिगड़ गयी. वहीं सारण के तरैया के खराटी गांव में नागेश्वर ठाकुर की ठंड से मौत हो गयी.







## 25 पुलिसकर्मियों होंगे सम्मानित

**पटना ।** गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 अलग-अलग श्रेणी के उनके उत्कृष्ट और साहसी कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को अवार्ड देने की घोषणा की गई है. ज्योति कुमार सिंह एएसआई, शंभू महतो कांस्टेबल, धर्मेंद्र कुमार झा एडिशनल एसपी, धर्मेंद्र पासवान सब इंस्पेक्टर, वीर बहादुर रोका जूनियर कमांडो, स्वर्गीय विश्व उरांव हवलदार को गैलंट्री अवॉर्ड दिया गया है. सभी बिहार पुलिस में हैं, जिन्हें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गैलंट्री अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है. वहीं 2 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है.

## बैंक लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

**अररिया ।** अररिया में दो दिन पहले मंगलवार को एडीबी चौक स्थित एक्सिस बैंक में एक करोड़ से अधिक के लूटकांड के बाद सक्रिय हुई अररिया पुलिस ने 20 माह पहले बैंक ऑफ इंडिया बैंक लूटकांड के फरार आरोपी मो.कैशर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मो.कैशर पिता मो.सुधीर को मधेपुरा जिला के चौसा थाना क्षेत्र के कालासन गांव से गिरफ्तार किया. यह जानकारी अररिया जिला पुलिस की ओर से जारी प्रेस रिलीज में दी गई.

## नोवार्टिस इंडिया के प्रबंध निदेशक संजय मुर्देश्वर ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली ।** नोवार्टिस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय मुर्देश्वर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. दवा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार को हुई बैठक में मुर्देश्वर का इस्तीफा मंजूर कर लिया. मुर्देश्वर ने 25 जनवरी, 2024 को एक पत्र में निदेशक और कंपनी के कर्मचारी के तौर पर दो अप्रैल, 2024 को कारोबारी घंटों के बाद पद छोड़ने की सूचना दी थी. मुर्देश्वर ने निदेशक मंडल को भेजे अपने पत्र में कहा, मेरी व्यक्तिगत और व्यावसायिक आकांक्षाएं समय के साथ विकसित हुई हैं, और मेरा मानना है कि यह अपने लिए एक नई दिशा अपनाने का सही समय है.

## वेदांता का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत गिरा

**नयी दिल्ली ।** उद्योगपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 18.3 प्रतिशत गिरकर 2,013 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,463 करोड़ रुपये रहा था. कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी एकीकृत आय बढ़कर 36,320 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 34,818 करोड़ रुपये थी. वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की अनुषंगी वेदांता लिमिटेड एक वैश्विक प्राकृतिक संसाधन कंपनी है.

































पीएम ने यूपी को 21 हजार करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

# साल 2027 तक भारत को विकसित बनाना लक्ष्य: मोदी

एजेंसी। बुलंदशहर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश को करीब 21 हजार करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी. उन्होंने बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बुलंदशहर और मेरठ जिले से संबंधित 20,700 करोड़ रुपये से अधिक की 46 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू खुर्जा और न्यू रेवाड़ी के बीच 173 किलोमीटर रेलखंड पर मालगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. प्रधानमंत्री ने बुलंदशहर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम का दर्शन हुआ. आज जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है. आज वह जहां भी होंगे, वे खुश हो रहे होंगे. प्राण प्रतिष्ठा का कार्य पूरा हुआ है. राष्ट्र प्रतिष्ठापना का कार्य पूरा करना है. हमारा लक्ष्य 2027 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है. लक्ष्य बड़ा हो तो उसके लिए हर साधन जुटाना होता है. सबको मिलकर प्रयास करना होता है. भारत का विकास उत्तर प्रदेश के विकास के बिना संभव नहीं है. इसके लिए खेत खलिहाल, विज्ञान और उद्योग जैसी हर शक्ति को जगाना है.

कार्यक्रम को संबोधित करते मुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र के 25 करोड़ जनमानस की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं. उप्र आज देश के विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से बढ़ता हुआ राज्य है. यह सब प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से संभव हो पा रहा है. हम सबका सौभाग्य है कि मोदी जैसा नेतृत्व हम सबको प्राप्त हो रहा है. मौसम की विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी सड़क मार्ग से दिल्ली से बुलंद शहर पहुंचे हैं. इससे पहले कभी कोई प्रधानमंत्री ऐसे नहीं आया होगा. अयोध्या का कार्यक्रम पूरे भारत एवं दुनिया ने देखा है. उसके तुरंत बाद बुलंदशहर आए और उत्तर प्रदेश को 21 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दे रहे हैं. पहले मीटर गेज को ब्राड ग्रज करने में भी दिक्कत होती थी. आज नई-नई ट्रेनें चलाई जा रही हैं.

## लोकतंत्र की यात्रा में चुनाव आयोग की भूमिका अहम : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लोकतंत्र की विशालता और विविधता हमारे लिए गर्व की बात है. उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा में चुनाव आयोग की अहम भूमिका रही है. नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति ने चुनावों के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ चुनावी अभ्यास पुरस्कार प्रदान किए. मतदाताओं की जागरूकता में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सरकारी विभागों और मीडिया संगठनों सहित महत्वपूर्ण हितधारकों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए.

## राहुल की यात्रा जहां से गुजरी , वहां की सारी सीटें हम जीतेंगे : हिमंत

एजेंसी। गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को दावा किया कि भाजपा उन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल करेगी जहां से राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गुजरी है. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान असम में यात्रा का आयोजन करना सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की राजनीतिक साजिश थी. शर्मा ने कहा कि वह जहां भी प्रचार करेंगे, भाजपा को जीत मिलेगी. इस वजह से भाजपा को उनकी जरूरत है. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी को गिरफ्तार किया जाएगा. असम पुलिस ने यात्रा के दौरान स्वीकृत मार्ग से हटकर गुवाहाटी शहर में प्रवेश करने के लिए अपने समर्थकों को बैरिकेड तोड़ने के लिए उकसाने के आरोप में राहुल गांधी और कई अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है.













### ट्रंप की अपील पर सुनवाई से इनकार

**पोर्टलैंड।** अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष अदालत ने बुधवार शाम को इस बात पर विचार करने से इनकार कर दिया कि क्या पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राज्य में मतदान प्रक्रिया में शामिल रह सकते हैं. अदालत ने एक न्यायाधीश के इस फैसले को बरकरार रखा कि पहले कोलोराडो में इसी तरह के एक मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुना ले, उसके बाद इस मामले में विचार किया जाएगा.

### नौका दुर्घटना मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में एक झील में नौका के पलट जाने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो हरनी झील में मनोरंजन क्षेत्र में सभी प्रकार के संचालन का जिम्मा संभालता था. झील में नौका पलटने से 12 छात्रों और दो शिक्षकों की मौत हो गई थी. एक और व्यक्ति की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है.

### 'गठबंधन नहीं होने के लिए अधीर जिम्मेदार'

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और उनकी पार्टी के बीच गठबंधन कारगर नहीं होने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी जिम्मेदार हैं. इससे एक दिन पहले ही बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में राज्य में अकेले मैदान में उतरेगी. ओब्रायन ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में गठबंधन कारगर नहीं हो पा रहा, उसकी वजह अधीर रंजन चौधरी हैं.

### भगवान के खिलाफ टिप्पणी से विवाद

**त्रिशूर (केरल)।** केरल में एक वामपंथी विधायक की फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिये भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के खिलाफ की गई टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है. त्रिशूर विधानसभा सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विधायक पी बालाचंद्रन ने विवाद उठने के बाद, फेसबुक से पोस्ट को वापस ले लिया. उन्होंने कहा कि उन्होंने तो केवल एक पुरानी कहानी पोस्ट की थी लेकिन इससे भगवान राम के भक्तों को जो पीड़ा हुई उसके लिए वह खेद व्यक्त करते हैं.

### गैंगस्टर के बेटे उमर की गिरफ्तारी पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को राहत दी है. सुप्रीम कोर्ट ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भड़काऊ भाषण देने के मामले में उमर अंसारी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है. इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उमर को अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया था. विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान उमर ने प्रशासन के साथ हिसाब-किताब बराबर करने की बात कही थी.










मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )